

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# दैनिक क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -300 जबलपुर, रविवार 29 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


राहुल के आरोप पर बीजेपी का पलटवार

## सरदार पटेल से लेकर नरसिम्हा राव तक सभी का किया अपमान, मनमोहन सिंह को भी नहीं बख्शा



नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर कांग्रेस लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है। इस बीच राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर मनमोहन सिंह का अपमान करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता के इन आरोपों पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता ने कांग्रेस निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस ने सरदार पटेल से लेकर नरसिम्हा राव तक सबका अपमान किया। राहुल गांधी ने तो मनमोहन सिंह को भी नहीं छोड़ा। मोदी कैबिनेट ने किया स्मारक बनाने का फैसला प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संबित पात्रा ने कहा, एक पुण्य हुतात्मा के निधन पर जब पूरा राष्ट्र शोक मना रहा है, उस समय भी राहुल गांधी और गांधी परिवार अपनी राजनीति से बाज नहीं आ रहा है। यही कांग्रेस और गांधी परिवार की राजनीति है। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का अपमान किया था। डॉ. मनमोहन सिंह का कद बहुत बड़ा है। राहुल गांधी ने तो मनमोहन सिंह का भी अपमान किया था। यहीं नहीं कांग्रेस ने तो अटल बिहारी वाजपेयी का भी अपमान किया। कांग्रेस पार्टी मनमोहन सिंह पर भ्रामक प्रचार कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्मारक स्थापना का फैसला किया है। मनमोहन सिंह सिर्फ कांग्रेस नहीं पूरे देश के प्रधानमंत्री थे सीपी सिंह मनमोहन सिंह का तहे दिल से सम्मान करती है बीजेपी बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने इस मामले को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान का दिल से सम्मान करते हैं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को कांग्रेस की ओर से वह अंतिम संस्कार क्यों नहीं दिया गया, जिसके वे हकदार हैं। भाटिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, मेरी बहन प्रियंका, डॉ. मनमोहन सिंह देश का गौरव हैं और देश का हर नागरिक, खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और हम भाजपा के लोग, देश के लिए उनके योगदान का तहे दिल से सम्मान करते हैं।

राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार 21 तोपों की दी गई सलामी-राष्ट्रपति - प्रधानमंत्री की उपस्थिति में दी गई मुखाग्नि

## पूर्व पीएम डॉ.मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन हुए





नई दिल्ली-(आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति की ऐसी शख्सियत थे जो बेहद कम बोलते थे. मगर जब बोलते, तो सभी उनकी बात सुनते थे. अब वह शख्सियत हमेशा के लिए मौन हो गई. मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की आयु में दिल्ली एम्स में गुरुवार रात अंतिम सांस ली. आज दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. इससे पहले, पीएम मोदी-राष्ट्रपति मुर्मू समेत देश के तमाम नेताओं ने श्रद्धांजलि दी. कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा, जो संवेदनशीलता सरकार ने यहां आकर दिखाई है, इससे ज्यादा संवेदनशीलता उन्हें अंतिम संस्कार के लिए एक जगह देने में दिखानी चाहिए थी. जो काम आप 3 दिन बाद करेंगे, वो आज कर दिया होता. कुछ मामलों में सरकार को नियम से बंधना नहीं चाहिए. अटल जी के अंतिम संस्कार के लिए सरकार जमीन मुहैया कराई थी. डॉ मनमोहन सिंह जैसा बेटा हमें छोड़ कर जा रहा था तो उसी जगह पर अंतिम संस्कार होना चाहिए था जहां स्मारक बनेगा. आपके पास पूरे एक दिन का समय था आप ये काम कर सकते थे... डॉ मनमोहन सिंह का कद इन चीजों से बहुत बड़ा है. सरकार को थोड़ा और संवेदनशील होना चाहिए था.

**स्मारक विवाद पर बोले थरूर- जल्द इस पर फैसला होना चाहिए**

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, %डॉ. मनमोहन सिंह जी महान व्यक्ति थे, उन्होंने हमेशा देश के लोगों के लिए काम किया और राष्ट्र निर्माण में बहुत योगदान दिया. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा, यहां कई स्मारक हैं तो इसलिए एक और स्मारक बनाने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए. सरकार को इस पर जल्द से जल्द फैसला लेना चाहिए.

**ये गणमान्य रहे मौजूद**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को अंतिम विदाई दी।

**निकाली गई अंतिम यात्कांरा**

ग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'' और ''मनमोहन सिंह अमर रहें'' नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार पर सियासत, राहुल ने मोदी सरकार पर लगाया अपमान का आरोप

नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार उनके स्मारक के लिए निर्दिष्ट स्थान के बजाय निगम बोध घाट पर करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिंह देश के सर्वोच्च सम्मान और एक स्मारक के पात्र हैं। राहुल ने एक्स पर लिखा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया गया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि एक दशक के लिए वह भारत के प्रधानमंत्री रहे, उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां आज भी देश के गरीब और पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। उन्होंने आगे लिखा कि आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। राहुल के आरोपों पर भाजपा ने अब पलटवार किया है। बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद, यह भारत की राजनीति में एक नया निचला स्तर है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देर रात भोपाल के रैन बसेरों में पहुँचकर जरुरतमंदों और महिलाओं को वितरित किए कंबल

कलेक्टर को सभी रैन बसेरों में राम-रोटी प्रारंभ करने के दिए निर्देश



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार रात भोपाल के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में राहगीरों, गरीबों, निराश्रितों से चर्चा की, उनके हालचाल जाने और सभी को कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरा पहुंचे। उन्होंने रैन बसेरे में मौजूद कुरवाई के श्री करोड़ीलाल प्रजापति, श्री हशीब खान, श्री संजु कुशवाहा, श्री रवि शर्मा और पथरिया दमोह के दिव्यांग श्री प्रताप मालवीय से चर्चा कर उनके हालचाल जाने और रैन बसेरे की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। राहगीरों ने बताया कि यहां की सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं। भोजन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को निर्देशित किया कि सभी रैन बसेरों में राम-रोटी की व्यवस्था करें। दिव्यांग श्री प्रताप मालवीय ने बताया कि वह हर एक-दो दिन में आ जाते हैं, उनकी चार बेटियां हैं, गुजारे की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए वे यहां आकर रहते हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर को श्री प्रताप की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी को कंबल प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास स्थित रैन बसेरा पहुंचे। रैन बसेरे का निरीक्षण कर उन्होंने वहां मौजूद सभी राहगीरों और गरीब व्यक्तियों से चर्चा कर उन्हें भी कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री ने यहां श्री विशाल मालवीय, श्री शंकर मालवीय, श्री ओमराज, श्री आशीष तिवारी, दिव्यांग श्री विजय आईना (गुनावा) सभी से चर्चा कर उनके यहां आकर रूकने की वजह पूछी। बताया गया कि सब आगे के सफर के लिए यहां रूके हैं। रैन बसेरे का निरीक्षण कर लौटते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्लेटफार्म नंबर 6 के सामने ही कुछ महिलाओं को बैठे देखा। उन्होंने वाहन रूकवाकर महिलाओं के पास जाकर चर्चा की और वहां बैठने की वजह पूछी। महिलाओं ने बताया कि वे सब्जी बेचने आती हैं। रात कहां बिताओगी, मुख्यमंत्री ने पूछा तो महिलाओं ने बताया कि यहीं पर। खुले आसमान के नीचे रात बिताने की बात जानकार मुख्यमंत्री सभी महिलाओं को कंबल वितरित किए और कलेक्टर से कहा कि इन सभी के लिए भी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और महिलाओं के कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। किसी भी गरीब को सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

## कटनी के रीठी में आमने-सामने से ट्रकों की भिडंत दो ड्राइवरों की मौत, क्लीनर गंभीर घायल




कटनी (आरएनएस)। कटनी जिले के रीठी थाना क्षेत्र में लाटपहाडी के पास दो ट्रकों की टक्कर हो गई। आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों ट्रक के ड्राइवरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दोनों के सहायक की हालत गंभीर। मौके पर पहुंची रीठी पुलिस ने ट्रकों में फंसे शव व घायलों को मशक्कत के बाद निकाला। इसके बाद घायलों को रीठी अस्पताल भेजा गया है। रीठी थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि लाटपहाड़ी गांव के पास कटनी दमोह मार्ग पर सुबह ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6893 व ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 8962 की सीधी भिड़ंत हो गई। एक ट्रक में गेहूं लोड था, जबकि दूसरे में चावल लोड था। ट्रकों की रफ्तार ज्यादा होने के कारण जोरदार भिड़ंत के बाद दोनों ट्रक एक दूसरे से फंस गए। घटना की जानकारी लगते ही रीठी थाना व सलैया चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। आपस में टकराए दोनों ट्रकों को अलग करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रकों के अंदर फंसे शवों और घायलों को निकालने के लिए पुलिस को दो जेसीबी मशीन, एक हाइड्रा मशीन, कटर मशीन व क्रेन मशीन मंगवानी पड़ी।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## अस्पताल में भर्ती होने का विरोध करने वाले जगजीत डल्लेवाल के शुभचिंतक नहीं



नई दिल्ली.(आरएनएस)। माह से ज्यादा समय से मरणव्रत पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए किसान नेताओं की कड़ी आलोचना की है, जो जगजीत सिंह डल्लेवाल को उनकी बिगड़ती सेहत के कारण अस्पताल में भर्ती नहीं होने दे रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहा है.

## भोपाल-खंडवा में ओले गिरे, प्रदेश के 42 जिलों मौसम बदला



भोपाल.(आरएनएस)। आज अचानक मौसम ने करवट बदल ली. जबलपुर में तड़के झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया. इसके बाद दोपहर के वक्त रुक-रुक कर बारिश होती रही. इसी तरह भोपाल व खंडवा में बारिश के साथ ओले गिरे. हालांकि दोपहर के वक्त धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली. इसके अलावा प्रदेश के 42 जिलों में बारिश हुई है. रतलाम, मंदसौर, बैतूल, अलीराजपुर सहित कई जिलों में ओले गिरे है. बताया गया है कि मौसम विभाग द्वारा पहला मावठा होने पर बारिश की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी. जबलपुर में मौसम को देखते ही जिला प्रशासन ने तीन दिन तक धान का उपार्जन न करने का निर्णय ले लिया था. बीती रात को ही किसानों के साथ मिलकर खुले में रखी धान को तिरपाल से ढकने का काम किया. वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण रायसेन के दशहरा मैदान में ट्रैक्टर ट्रॉलियों में धान लेकर आए किसान परेशान रहे. रात भर किसान तिरपाल पकड़कर बैठे रहे, ताकि धान को खराब होने से बचा सकें. वहीं रीवा के करहिया व जबलपुर में भी सैकड़ों बोरी धान.गेहूं बारिश में भीग गया है.

मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का दौर खत्म होने के बाद 31 दिसम्बर से तेज ठंड शुरु होगी, ठंड का यह दौर 15 जनवरी तक चलेगा, इसके बाद भी ठंड का असर रहेगा. लेकिन एक पखवाड़ा तक जोरदार ठंड होने के आसार है. मौसम विभाग की माने तो सबसे ज्यादा ढाई इंच बारिश मंदसौर जिले के गरोठ व देवास के सतवास में हुई.

## राजस्थान-भजनलाल सरकार ने लिया बड़ा निर्णय, 17 जिले और 3 संभाग रद्द



जयपुर. (आरएनएस)। राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार की कैबिनेट ने बड़ा फैसला किया है. कैबिनेट बैठक के बाद राजस्थान सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया को बताया कि अशोक गहलोत सरकार द्वारा बनाये 17 नए जिले और 3 संभाग को रद्द कर दिया गया है. मंत्री ने कहा कि कैबिनेट कमेटी ने सांस्कृतिक, व्यवहारिक, जनसंख्या, जैसे मुद्दों पर नए जिलों की फिर से समीक्षा की. उनका कहना था कि क्योंकि पूर्ववर्ती सरकार ने इन सबकी अनदेखी की थी, इसलिए समीक्षा के बाद जरूरत महसूस न होने पर नए जिले रद्द किए गए हैं. मंत्री ने आगे कहा कि इतने जिलों की घोषणा की जरूरत ही नही थी, कांग्रेस ने ऐसा करने के दौरान राज्य में वित्तीय संसाधन जुटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को अनदेखा किया था.

## मणिपुर में फिर हिंसा, गोलीबारी और बमों से गांव पर हमला, सीएम बोले-ये शांति और सद्भाव पर हमला



इंफाल.(आरएनएस)। मणिपुर के इंफाल ईस्ट के गांवों में कुछ हथियार बंद लोग आए और अचानक गोली बारी करने लगे. इस घटना पर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गुस्सा जाहिर किया है. उन्होंने कहा कि इम्फाल ईस्ट के सनसाबी और थमनापोकपी में कुकी उग्रवादियों की ओर से की गई अंधाधुंध गोलीबारी की कड़ी निंदा करता हूं. इस घटना में कई नागरिक और सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं. राज्य के निर्दोष लोगों पर इस तरह गोलीबारी की घटना बेहद कायरतापूर्ण है. बिना किसी कारण के किया गया ये हमला शांति और सद्भाव पर हमला है. उन्होंने कहा कि गोलीबारी से प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी भेजे गए हैं. घायलों को जरूरी सहायता मिल रही है और सरकार ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए शांति और एकता का आह्वान करती है. ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस के बीच उचित समन्वय और समझ होनी चाहिए. ईंफाल ईस्ट जिले एक अधिकारी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में कुछ हथियार बंद लोग आए और ताबड़तोड़ गोलीबारी करने लगे.

### प्रयागराज में बड़ा हादसा, 100 फीट ऊंचा टावर गिरा, 7 मजदूर घायल, 2 नीचे दबे, एक का पैर कटा

प्रयागराज. प्रयागराज में 100 फीट ऊंचा हाईटेंशन लाइन का टावर गिर गया. हादसे में एक मजदूर का पैर कट कर दूर गिरा. जबकि दो मजदूर टावर के नीचे दब गए.

घटना में 7 मजदूर गंभीर घायल हुए हैं. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. टावर के नीचे दबे मजदूर चीखते-चिल्लाते दर्द से बेहोश हो जा रहे. साथी मजदूर उन्हें निकालने का प्रयास कर रहे हैं,

## मंदसौर में क्लोरीन गैस रिसाव से हड़कंप, चपेट में आए 8 कर्मचारी



मंदसौर (आरएनएस)। गरोठ नगर परिषद के फिल्टर प्लांट पर शनिवार सुबह क्लोरीन गैस के सिलेंडर से गैस लीकेज होने से हड़कंप मच गया। इस गैस लीकेज के कारण नगर परिषद के 8 कर्मचारी भी गैस की चपेट में आ गए। 15-20 मिनट के अंदर गैस का रिसाव होने से नजदीकी स्कूलों में अफरा-तफरी मच गई और बच्चों को छुट्टी दे दी गई। सभी को उपचार के लिए गरोठ के इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

फिल्टर प्लांट में सिलेंडर अतिरिक्त था, जिसकी वजह से गैस का रिसाव शुरू हो गया। कर्मचारियों ने तत्काल सिलेंडर को पानी के टैंक में डुबाकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। इस गैस लीकेज के कारण नगर परिषद के 8 कर्मचारी भी गैस की चपेट में आ गए। इन कर्मचारियों को सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, उल्टी, चक्कर आने और आंखों से आंसू बहने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

सभी कर्मचारियों को उपचार के लिए गरोठ के इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कर्मचारियों में 26 वर्षीय अंकित मालवीय, 30 वर्षीय महेंद्र मालवीय, 29 वर्षीय राहुल गणावा, 29 वर्षीय आशीष गणावा, 26 वर्षीय पंकज ग्वाला, 50 वर्षीय मांगीलाल, 40 वर्षीय विनोद और 42 वर्षीय बंटी शामिल हैं।

गैस लीकेज के कारण आसपास के स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया। इनमें सरस्वती स्कूल, श्री साईं विद्या निकेतन स्कूल, और सत्यम स्कूल प्रमुख हैं। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों ने नगर परिषद में अनट्रेंड कर्मचारियों से काम कराने पर सवाल उठाए। स्थानीय लोगों ने जिला और तहसील अधिकारियों से मामले की जांच कर नगर परिषद के जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में लक्ष्मण धुर्वे उम्र 42 वर्ष निवासी आजादनगर सूपाताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में परिचित के मेहमान बासूदेव साहू निवासी जामटी सवासन जिला बैतूल का पुरानी गाड़ी खरीदने के लिये आया था, वह एंव बासूदेव साहू शाम लगभग 6-30 बजे गाड़ी देखकर लौट रहे थे रास्ते मे एलआईसी मंदिर के पास राहुल कोरी निवासी छुई खदान अपने साथी राज काला के साथ उसका रास्ता रोककर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो राहुल कोरी एवं राज काला हाथ में रखे पेपर कटर जैसी चीज से हमला कर उसके वायें आंख के पास चोट पहुँचा दी

# जबलपुर कांग्रेस सेवा दल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देकर शोक सभा की





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सुचिता शालीनता और पवित्रता के प्रतीक विनम्र और शालीन व्यक्तित्व की धनी डॉक्टर मनमोहन सिंह आज हमारे बीच नहीं रहे, उनकी राजनीतिक यात्रा शून्य से शिखर तक निर्विवाद और वेदाग रही उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के 10 वर्ष के कार्यकाल में मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के साथ सूचना का अधिकार भोजन का अधिकार मध्यान भोजन जैसे महत्वपूर्ण क्रांतिकारी कदम उठाए छल कपट विहीन उनका जीवन राजनीति की पवित्रता का उदाहरण बन गया कांग्रेस के आदर्शों के प्रति उनका समर्पण अविस्मरणी रहेगा

उक्त आशय के विचार शहर कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित टाउन हॉल गांधी भवन स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष शोक सभा के कार्यक्रम में कांग्रेस नेत्री इंदिरा पाठक तिवारी ने व्यक्त किये।

पार्षद गुड्डू नवी एवं उमेश पटेल के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस की नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा और सेवा दल के अध्यक्ष सतीश तिवारी द्वारा गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर हुई।

इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित–नगर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा,सेवादल नगर अध्यक्ष सतीश तिवारी,महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष कमलेश यादव , इंदिरा तिवारी पाठक ,राजीव गाँधी पंचायती राज के संयोजक विवेक अवस्थी, सेवादल महिला नगर अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, पार्षद दिनेश तामसेतवार, ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार चौबे, पार्षद गुड्डू नबी, पूर्व पार्षद अभिषेक यादव, रविन्द्र गौतम, अधिवक्ता ब्रजेश दुबे, सेवादल प्रवक्ता जितेंद्र यादव रितेश नोट्नानी,विष्णु विनोदिया, प्रवेन्द्र चौहान, राकेश चक्रवर्ती, , विनय नेमा,उमेश पटेल, शिवम यादव,सुनील सराठे,रिंकू कुशवाहा,रीना विश्वकर्मा,गुड्डू दुबे,अनिल गुप्ता, रुबीना बग्गा, मोहम्मद इमरान आदि नगर कांग्रेस कमेटी एवं सेवा दल के सदस्य उपस्थित थे

## भारत की प्रथम अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के दुखद निधन पर कांग्रेस परिवार ने टाउन हॉल गाँधी भवन जबलपुर में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं रामधुन का गायन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस जनो ने अपने अपने विचार रखे इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया ने श्रद्धांजलि सभा में कहां की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 140 वी स्थापना दिवस पर 13वे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को दी श्रद्धांजलि, विष्णु विनोदिया बोले- देश ने अपना एक सबसे विशिष्ट कांग्रेस वरिष्ठ मार्गदर्शक नेता दुनिया का अर्थशास्त्री भी खो दिया श्रद्धांजलि सभा संगोष्ठी में उपस्थित –, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा , सेवादल नगर अध्यक्ष सतीश तिवारी, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव , श्रीमती इंदिरा तिवारी पाठक ,राजीव गाँधी पंचायती राज के संयोजक विवेक अवस्थी, सेवादल महिला अध्यक्ष सुश्री मीनाक्षी स्वामी, पार्षद दिनेश तामसेतवार, ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष पार्षद गुड्डू नबी अशोक , पूर्व पार्षद अभिषेक यादव, सेवादल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उमेश पटेल ब्रजेश दुबे,रितेश नोट्नानी,विष्णु विनोदिया, प्रवेन्द्र चौहान, राकेश चक्रवर्ती, विनय नेमा , शिवम यादव, रविन्द्र गौतम,सुनील सराठे , रिंकू कुशवाहा ,श्रीमती रीना विश्वकर्मा, गुड्डू दुबे, अनिल गुप्ता, श्रीमती रुबीना बग्गा, कांग्रेस सेवादल प्रवक्ता जितेंद्र यादव मोहम्मद इमरान आशीष बारी बड़ी संख्या में कांग्रेस जनो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को दी श्रद्धांजलि आदि उपस्थित कांग्रेस जनों ने



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धाजलि

जबलपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रवक्ता हाशिम राजा खान द्वारा नया मोहल्ला स्थित कार्यालय एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाशिम राजा खान ने कहा कि डॉ. सिंह ने देश के लिए ऐसे अनेकों कार्य किए हैं जिन्हें बुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर नगर उपस्थित कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग टीकाराम कोष्टा, मामूर गुड्डू, पंकज पटेल, अलीम मंसूरी, डॉ. मुईन अंसारी, लखन श्रीवास्तव आदि ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आज निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

**1.30 बजे प्रेमनगर से आरम्भ होकर शाम 6 बजे सदर में समाप्त होगा**





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश धर्म और भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षार्थ अपना सर्व वंश बलिदान कर देने वाले खालसा पंथ के सृजक और सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में आज 29 दिसंबर रविवार को गुरुद्वारा प्रेमनगर से अपरान्ह 1.30 बजे से भव्य और विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा जो कि गोरखपुर बाजार, कटंगा होता हुआ शाम 6 बजे गुरुद्वारा सदर में जाकर समाप्त होगा । 5 जनवरी को गुरुद्वारा प्रेमनगर में श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी महाराज की पवित्र जयंती, प्रकाश उत्सव के रूप में मनाई जाएगी । इसमें श्री दरबार साहिब हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई बलविंदर सिंह, भाई जसविंदर सिंह लुधियाना के साथ ही प्रसिद्ध रागी जत्थे एवं कथाकार गण शिरकत करेंगे । सदर प्रधान सरदार नक्षत्र सिंह गिल, प्रेमनगर प्रधान मंजीत सिंह ननडा, प्रभजोत सिंह लखबीर सिंह, कौमी सिंह, मंगत सिंह, परविंदर सिंह, मदन दुबे एवं प्रबंधक कमेटी ने साथ संगत से उपस्थित एवं सहयोग की अपील की है ।

**शहीदी दिवस पर प्रेमनगर में कीर्तन दरबार आज**

**श्री अकाल तख्त साहिब का ढाड्डी जत्था शिरकत करेगा**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की अमर शहीद माता गुजर कौर जी एवं साहिबजादों के शहीदी दिवस को समर्पित कीर्तन दरबार गुरुद्वारा प्रेमनगर में प्रात: 9.30 बजे से अपरान्ह 1.45 बजे तक श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा।

गुरु रामदास सेवा समिति अधारताल के प्रधान अजीत सिंह नैयर सीटू एवं जत्थेदार हरमिंदर सिंह ने बताया कि रागी जत्था भाई परंसीपाल सिंह, पटियाला एवं श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर का हुजूरी ढाड्डी जत्था भाई गुरसेवकजीत सिंह प्रेमी सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। गुरु का लंगर अपराह्न 12 बजे आरम्भ होगा। 1.45बजे अरदास एवं समापन होगा।

## वर्तिका की काव्य गोष्ठी एवं काव्य पटल का लोकार्पण आज



जबलपुर। वर्तिका संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार श्री प्रतुल श्रीवास्तव एवं कवयित्री श्रीमती तरुणा खरे की कविताओं के काव्य पटल का लोकार्पण आज 29 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से जानकीरमन महाविद्यालय में आयोजित है ।समारोह के मुख्य अतिथि सोहन सलिल होंगे।अध्यक्षता सुरेश विचित्र करेंगे।विशिष्ट अतिथि यूनुस अदीव एवं वंदना सोनी विनम्र होंगी।संयोजक विजय नेमा अनुज एवं राजेश पाठक प्रवीण ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# रामचरितमानस पारायण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा आज से



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रामायणम जबलपुर के तत्वावधान में परम पूज्य पंडित रामकिंकर जी उपाध्याय महाराज के आशीर्वाद से उनके कृपा पात्र शिष्य पंडित उमा शंकर जी व्यास के मुखारविंद से रविवार 29 दिसंबर 2024 से शनिवार 4 जनवरी 2025 तक रामायण के प्रमुख प्रसंग पर व्याख्या *भरत सरिस को राम सनेही।

जग जप राम राम जप जेही।।*

चौपाई के माध्यम से 7 दिनों तक महेश भवन गोपाल बाग, दमोह नाका रोड, जबलपुर में प्रतिदिन शाम 6ः30 बजे से 8ः30 बजे तक किया जाएगा। जिसमें श्रीरामचरितमानस का पारायण प्रात: 10ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक एकादश वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा किया जाएगा। इस उत्सव में नगर के गणमान्य एवं संत समाज की उपस्थिति रहेगी। पंडित रोहित दुबे ने बताया कि विगत 23 वर्षों से प्रतिवर्ष इस प्रवचन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भरत चरित्र पर प्रवचन सत्र रहेगा क्योकि रामायण में भरत जी ही एक ऐसा पात्र है जिसमें स्वार्थ व परमार्थ दोनों को समान दर्जा दिया गया है। इसलिए भरत जी का चरित्र अनुकरणीय है। भरत जी का एक-एक प्रसंग धर्मसार है। क्योंकि भरत का सिद्धांत लक्ष्य की प्राप्ति व राम प्रेम को दर्शाता है। इस आयोजन को श्री गोपाल लाल जी प्रन्यास ट्रस्ट एवं श्री माहेश्वरी समाज महेश भवन के सहयोग से किया जा रहा है। रामायणम जबलपुर आप सभी से प्रवचन में उपस्थिति की प्रार्थना करता है। पंडित उमाशंकर जी महाराज का आगमन आज प्रात: हो गया है। महाराज श्री का अस्थायी निवास संत निवास गोपाललाल जी मंदिर दुर्गा मंदिर, हनुमानताल के सामने रहेगा।

## जूनियर लॉयर्स एसोसिएशन (जूला) ने मनाया आदर्श मुनि स्मृति दिवस

**ब्रह्मलीन चं. आदर्श मुनि त्रिवेदी की तृतीय पुण्य तिथि पर नगर में विभिन्न संगठनों ने किया भावभीना स्मरण**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बहालीन पं आदर्श मुनि त्रिवेद की तृतीय दुव्य तिथि पर विभिन्न संगठनो ने अलग-अलग कार्यक्रमों में उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। म. प्र. हाईकोर्ट के बेसमेल्ट चेम्बर हाल में आदर्श मुनि स्मृति दिवस आयोजित किया गय जिसमें अधिवक्ताओं ने श्री त्रिवेदी के तेल चित्र को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर म. प्र. हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी व अन्य वक्ताओं ने श्री त्रिवेदी के सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक धार्मिक व विधि जगत में दिए अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। श्री प्रशांत अवस्थी ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर श्री त्रिवेदी को कभी विस्मृत नहीं कर पायेगा।

इस अवसर पर प्रशांत अवस्थी,आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी एड. अपूर्व त्रिवेदी, एड., प्रदीप श्रीवास्तव , आनंद शुक्ला पंकज तिवारी, रीतेश शर्मा, विनीत टेहेनगुरिया, सुशील मिश्रा आशीष कुमार तिवारी , ,विजय श्रीवास्तव , संदीप शुक्ला आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

**पंडित आदर्श मुनि त्रिवेदी की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर शतक्रतू आश्रम दमोह नाका में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस श्रद्धांजलि सभा में जय रेवा खंड मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा जय जबलपुर एवं मध्य प्रदेश जूनियर लॉयर्स एसोसियन के पदाधिकारी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर पंडित त्रिवेदी के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि सभा में एसएस ठाकुर, आलोक मिश्रा, अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र तिवारी, विक्की अग्रवाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, रितेश शर्मा, गोविंद दुबे, अपूर्व त्रिवेदी, अजय दुबे, रफीक खान, राजेंद्र तिवारी, शुभम मिश्रा, कैलाश दुबे, वीरू यादव, अभय उपाध्याय, शालिनी राय आदि उपस्थित रहे।

**वर्ष 2024 धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ;डीएनएलयूद्ध जबलपुर के लिए अकादमिक सहयोग का एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है**

# डीएनएलयू जबलपुर के लिए समझौता ज्ञापनों का एक ऐतिहासिक वर्ष रहा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कुलपति प्रो॰ ;डॉ॰द्ध मनोज कुमार सिन्हा और रजिस्ट्रार डॉ॰ प्रवीण त्रिपाठी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने भारत और विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थानों की सूचीए जिनके साथ डीएनएलयू ने औपचारिक सहयोग किया है में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च ;आईआईयूसीएलईआरद्धए गोवाय बेनेट यूनिवर्सिटीय पीडीपीएम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॅर्मेशन टेक्नोलॉजीए डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग ;आईआईआईटीडीएमद्ध जबलपुरय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्लीय महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ;एमएनएलयूद्धय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉन्स्टीट्यूशनल एंड पार्लियामेंट्री स्टडीज ;आईसीपीएसद्धय डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयए प्रयागराजए नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटीए भोपालय प्रयास इंस्टीट्यूट ऑफ जुवेनाइल जस्टिस ;पीआईजेजेद्धय गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ;जीएनएलयूद्धए गांधीनगरय चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयए पटनाय और कई अन्य के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं। इन सहयोगों के अलावाए डीएनएलयू ने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किएए जो बौद्धिक आदान.प्रदान और अंत:विषय चर्चाओं के लिए मंच प्रदान करते हैं। इन कार्यक्रमों में डब्ल्यूटीओ चेयर्स प्रोग्राम के तत्वावधान में व्यापार के लैंगिक आयामों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलनए एआई के लिए डीप फेक और विनियामक तंत्रए ट्रांसजेंडर अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन और विधिए अर्थशास्त्र और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंत:विषय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शामिल थे। विश्वविद्यालय ने विभिन्न शैक्षणिक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दुनिया भर के छात्रों और विधि विशेषज्ञों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी। इनमें भारत में विशेषीकृत व्यापार गुप्त विधि की आवश्यकता पर पुनर्विचार पर सेमिनारए हाल ही में लागू किए गए आपराधिक और भ्रष्टाचार विधि पर आर्थिक अपराध शाखा जबलपुर के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमए चौथा न्यायमूर्ति आरण्केण् तन्खा राष्ट्रीय संसदीय वाद.विवादए कॉर्पोरेट मुकदमेबाजी पर पहला एकल क्रेडिट सह प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमए राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता और नए आपराधिक विधियों ;बीएनएसए बीएनएसएस और बीएसएद्ध पर दो दिवसीय बूट कैंप शामिल हैं।

इसके अलावाए डीएनएलयू ने आधार अपडेशन ड्राइवए नुक्कड़ नाटक ;नुक्कड़ नाटकद्धए स्पीड मेंटरिंग सत्रए जन सुनवाई सत्रए विधिक जागरूकता अभियान और गांव के दौरे सहित विभिन्न प्रभावशाली पहलों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता में सक्रिय रूप से योगदान दिया। इन गतिविधियों ने सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कियाए जिससे शिक्षा और सामाजिक जरूरतों के बीच गहरा संबंध बना। ये गतिविधियाँए उपर्युक्त कार्यक्रमों के साथए संकाय सलाहकारों के अटूट समर्थन और मार्गदर्शन के साथ सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। डीएनएलयू वर्ष 2025 में अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।



भोपाल -उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि उनकी विद्वत्ता, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा हम सबके लिये प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंदी के समय भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और आर्थिक उदारीकरण के माध्यम से स्वदेशी अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वह वैमनस्यता राजनीति से ऊपर राष्ट्रहित में काम करने वाले व्यक्ति थे।

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हो शत-प्रतिशत सेचुरेशन-जनजातीय कार्य विभाग में पेसा सेल गठित करने पर सहमति-तेंदूपत्ता से जुड़े व्यवसायों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाए**

# पेसा कानून के समस्त दावों का समय-सीमा में करें निराकरण - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पेसा कानून में प्रस्तुत समस्त दावों का निराकरण समय-सीमा निर्धारित कर प्राथमिकता पर किया जाए, आगामी कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में इसकी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनजातीय कार्य विभाग में पेसा सेल गठित करने पर सहमति प्रदान की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में समस्त पात्र भाई-बहनों का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश तेंदूपत्ते का बड़ा उत्पादक है, लेकिन इसका व्यावसायिक उपयोग अन्य राज्यों में होता है। तेंदूपत्ता संग्राहकों और इससे जुड़े विभिन्न व्यवसायों को प्रदेश में ही प्रोत्साहित करने एवं जनजातीय भाई-बहनों को इसके लाभ दिलवाने के लिए रणनीति बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में वन अधिकार अधिनियम और पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने पर दिए गए दिशा-निर्देश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने के लिए राज्य शासन द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन अनुसार ग्रामवासियों को रिकार्ड ऑफ राइट्स शीघ्र प्रदानकिए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर वन, राजस्व और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी समन्वय से कार्य करें। प्रदेश में विद्यमान 925 वन ग्रामों में से 827 को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 792 को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित कर अब तक 790 ग्रामों का गजट नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय भाई-बहनों के जीवन स्तर में सुधार और वन क्षेत्रों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन में स्थानीय निवासियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, इसके साथ ही सामाजिक संस्थाओं को जोड़ते हुए गतिविधियों का विस्तार किया जाए। बैठक में मध्यप्रदेश वन अधिकार अनिधियम के प्रावधानों और उसके क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में विधि विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद दांडेकर, विषय विशेषज्ञ डॉ. शरद लेले, श्री मिलिंद थत्ते, पूर्व विधायक श्री भगत सिंह नेताम, श्री राम दांगोरे, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्री गुलशन बामरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**ग्रामीण क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बनाये 9 नये वितरण केन्द्र

भोपाल -(आरएनएस) मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार और निर्माण कार्यों को गति देने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए 9 नए वितरण केन्द्र बनाये हैं। इन केन्द्रों के बनने से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों उपभोक?ताओं को लाभ मिलेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी में बताया गया है कि विदिशा वृत्त के गंजबासौदा संभाग में पथरिया, आनंदपुर तथा पठारी में नया वितरण केन्द्र बनाया गया है। मौजूदा बगरौदा, लटेरी तथा कुरवाई वितरण केन्द्र यथावत कार्यरत रहेंगे। राजगढ वृत्त के जीरापुर व ब्यावरा संभाग में दो नये वितरण केन्द्र जीरापुर-1 तथा गिंडोरहट बनाये गये हैं। यहाँ पर मौजूदा जीरापुर, सुठालिया वितरण केन्द्र यथावत कार्य करते रहेंगे। वहीं बैतूल वृत्त के अंतर्गत भौरा तथा चूनाहजूरी नए वितरण केन्?द्र बनाए गए हैं, जबकि शाहपुर तथा चिचौली वितरण केन्द्र पूर्ववत कार्य करते रहेंगे। कंपनी ने रायसेन वृत्त में खरवाई तथा शिवपुरी वृत्त में सतनवाडा को नया वितरण केन्?द्र बनाया है, जबकि रायसेन (ग्रामीण) तथा शिवपुरी (ग्रामीण) वितरण केन्?द्र पहले की तरह कार्य करते रहेंगे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपेक्षा जताई है कि इन नए वितरण केन्?द्रों से ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार आयेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि नव निर्मित वितरण केन्द्रों से जहाँ एक ओर उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर निर्बाध एवं भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति में आवश्यक सुधार होगा।

भोपाल -ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि वर्ष-2024 में ऊर्जा क्षेत्र में एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हॉसिल की है ।एम.पी. ट्रांसको ने कैलेंडर वर्ष-2024 में प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) के

# नेशनल गेम्स-2025 के लिये खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिये बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध करायें -मंत्री सारंग

भोपाल(आरएनएस) खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि नेशनल गेम्स-2025 के लिये खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ बेहतर सुविधा भी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाये। मंत्री श्री सारंग ने शुक्रवार को मंत्रालय में नेशनल गेम्स-2025 के लिये खेल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नेशनल गेम्स क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जायें। उन्हें ट्रेण्ड प्रशिक्षकों से ट्रेनिंग दिलवायी जाये। सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि एक जैसे गेम्स को ग्रुप में शामिल कर 4-5 ग्रुप बनाकर अलग-अलग खेल



अधिकारियों को उस ग्रुप की जिम्मेदारी दी जाये। इससे खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और वह खेल अधिकारी लगातार खिलाड़ियों से सम्पर्क में रहेगा। खिलाड़ियों से निरंतर संवाद से उनको मोटिवेशन मिलेगा और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण होता रहेगा।

बैठक में बताया गया कि पिछली बार कुल 112 मैडल हासिल हुए थे, जिसमें 38 स्वर्ण, 33 रजत और 39 काँस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर रहा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि संभावनाएँ बहुत हैं, प्रोत्साहन की जरूरत है। इस बार मध्यप्रदेश के खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन कर अग्रणी स्थान हासिल करेंगे।

मंत्री श्री सारंग ने नेशनल गेम्स में शामिल होने वाले सभी खेलों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भागीदारी करने वाले कोच और खिलाड़ियों को पहले से निर्धारित स्थान पर भिजवाने की व्यवस्था की जाये।

बैठक में बताया गया कि आगामी नेशनल गेम्स उत्तराखण्ड में होंगे। इसमें 36 गेम्स को शामिल किया गया है। ओपनिंग सेरेमनी 28 जनवरी को देहरादून में होगी। देहरादून के साथ हरिद्वार, शिवपुरी ॠषिकेष, कोटी कॉलोनी तेहरी, रुद्रपुर, उत्तमसिंह नगर, सात ताल (भीम ताल), हल्दवानी, अल्मोड़ा, पिथोरगढ़ और टनकपुर में नेशनल गेम्स के लिये जगह निर्धारित की गयी है।

बैठक में 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड-2025 की आवश्यक तैयारियों, राष्ट्रीय खेल पात्रता, खेल प्रशिक्षण शिविर, किट, रेल आरक्षण आदि पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एल. यादव, उप सचिव श्री संजय जैन सहित अन्य खेल अधिकारी उपस्थित थे।

## पशुधन की गणना के लिए अपने पशुओं की सही जानकारी अवश्य दें - मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस) भारत सरकार के निर्देशानुसार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना-2024 का कार्य सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो चुका है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने प्रदेश के सभी पशुपालकों से अपील की है कि जब पशुपालन विभाग से कर्मचारी उनके पशुधन की गिनती के लिए आएं, तो उन्हें अपने पशुओं की सही जानकारी अवश्य् दें। कोई घर-कोई पशुधन गणना से न छूटे। इस भावना से कार्य करें कि मेरे पशु मेरी जिम्मेदारी है। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें सभी अपना पूरा सहयोग दें। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के 55 जिलों के कुल 55 हजार 902 ग्रामों व 7 हजार 846 शहरी वार्डों में पशुओं की गणना की जाएगी। प्रदेश में आज तक कुल 7077 ग्राम/शहरी वार्डों में सर्वे कार्य प्रारंभ हो चुका है, शेष ग्रामों /शहरी वार्डों में सर्वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश में पशु संगणना में 5558 प्रगणक एवं 970 सुपरवाईजर कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष-2019 की पशुगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पशु थे। इसके अनुसार पशुओं की संख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है।

**पॉक्सो एक्ट-बच्चों को यौन अपराधों से प्रदान करता है संरक्षण**

# बच्चों से यौन अपराध पर मृत्यु दंड तक का प्रावधान है पॉक्सो एक्ट में

भोपाल-(आरएनएस) यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम बनाया गया है। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा बनाये गये इस कानून के अन्तर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीडन, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़-छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इसमें अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा भी निर्धारित है। यह अधिनियम पूरे देश में लागू है। पॉक्सो के तहत सभी अपराधों की सुनवाई एक विशेष न्यायालय द्वारा कैमरे के सामने बच्चों के माता-पिता या जिन लोगों पर बच्चा भरोसा करता है, उनकी उपस्थित में होती है। पॉक्सो अधिनियम-2012 के लागू होने के बाद वर्ष 2020 में पॉक्सो अधिनियम में कई अन्य संशोधन के साथ सजा का दायरा बढ़ाकर आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक के दंड का प्रावधान किया गया है। अधिनियम की धारा-3 में प्रवेशन लैंगिक हमला होने पर कम से कम 10 वर्ष का कारावास, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है एवं धारा-4 में जुर्माने का प्रावधान किया गया है। गुरूत्तर प्रवेशन लैंगिक हमले पर धारा-5 में कम से कम 20 वर्ष का कारावास, जिसे आजीवन कारावास/मृत्यु दण्ड तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें धारा-6 में जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लैंगिक हमला होने पर धारा 7 में कम से कम 3 वर्ष का कारावास, जिसे 5 वर्ष तक के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है एवं धारा-8 में जुर्माना भी प्रावधानित है। गुरूत्तर लैंगिक हमले के मामले में धारा-9 में कम से कम 5 वर्ष का कारावास, जिसे 7 वर्ष तक के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही धारा-10 में जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। अधिनियम में लैंगिक उत्पीडन पर धारा-11 में 3 वर्ष का कारावास की सजा धारा-12 में जुर्माने का प्रावधान किया गया है। पॉक्सो अधिनियम में बच्चों का अश्लील उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने पर कठोर प्रावधान किए गए हैं। बच्चों का अश्लील उद्देश्यों/पोर्नोग्राफी के लिए इस्तेमाल करने पर धारा-13 में 5 वर्ष का कारावास तथा धारा-14(1) में उत्तरवर्ती अपराध के मामले में 7 वर्ष का कारावास तथा जुर्माने का प्रावधान है।

## सौरभ शर्मा के खिलाफउतरा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में आरटीओ विभाग के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जिसके बाद उसकी मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। इस बीच इंदौर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की ष्टक्चढ्ढ जांच कराने की मांग की है। एसोसियेशन लंबे समय से परिवहन विभाग के चैक पोस्टों पर की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग पर ही सीएम डॉ. मोहन यादव ने परिवहन चैक पोस्ट खत्म किए थे।: प्रदेश में आरटीओ विभाग के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जिसके बाद उसकी मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। इस बीच इंदौर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की ष्टक्चढ्ढ जांच कराने की मांग की है। एसोसियेशन लंबे समय से परिवहन विभाग के चैक पोस्टों पर की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थी। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की मांग पर ही सीएम डॉ. मोहन यादव ने परिवहन चैक पोस्ट खत्म किए थे।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए फग्गन सिंह की दावेदारी?

भोपाल (आरएनएस)। देश का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बीजेपी में इन दिनों संगठन के चुनाव हो रहे है। मध्यप्रदेश बीजेपी में बूथ और मंडल अध्यक्ष के चुनाव लगभग पूरे हो चुके है। कुछ जिलों में विवाद के चलते घोषणा होना बाकी है। इसके बाद जिलाध्यक्षों के चुनाव होंगे और फिर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश बीजेपी की कमान किस नेता को मिलेगी, इसकों लेकर कयासों का दौर जारी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी के लिए बीजेपी नेताओं ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। नेता प्रदेश से लेकर दिल्ली तक लॉबिंग करने में जुड़े हुए है। प्रदेश भाजपा का अगला नया अध्यक्ष कौन होगा? के कयासों के बीच आदिवासी नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एक बड़ा बयान सामने आया है।

-अध्यक्ष के लिए फग्गन की दावेदारी?

मंडला लोकसभा से भाजपा सासंद और पूत्र केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि पार्टी जो निर्णय कर दे, किसे अध्यक्ष बना दे कुछ कहा नही जा सकता है, कोई दावेदारी नहीं होती है। फग्गन सिंह ने आगे कहा की एक चाय वाला देश का प्रधानमंत्री बन गया। इसलिए ऐसा कुछ नहीं है कि दावेदारी नहीं है। सब अपनी बात रखते है और रख दिए है। फग्गन सिंह के इस बयान से संकेत मिलते है कि वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की दावेदारी कर रहे है। आपको बता दें कि वीडी शर्मा वर्तमान में लोकसभा सांसद के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी संभाल रहे है। शर्मा अपना कार्यकाल पूरा कर चुके है। अब वीडी को बदलने की तैयारी है। वीडी शर्मा की जगह कौन लेगा? इसका लेकर कवायद शुरू हो गई है। अध्यक्ष की कुर्सी के लिए फग्गन सिंह के अलावा कई नाम चर्चा में बने हुए है, जिनमें पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा और सांसद हिमाद्री सिंह का नाम शामिल है।

**जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी, 5 दावेदारों के नामों पर चर्चा**

भोपाल (आरएनएस)। बीजेपी में जिला अध्यक्षों को लेकर रायशुमारी के दौर के बीच भोपाल जिला अध्यक्ष को लेकर बैठक हुई।जिन नामों पर रायशुमारी में चर्चा हुई है, उनमें सुरजीत सिंह चौहान, राम बंसल, सतीश विश्वकर्मा, राहुल राजपूत, रविंद्र यती शामिल हैं। हालांकि जरूरी नहीं कि इनमें से ही अध्यक्ष चुना जाए।

पर्यवेक्षक राजेंद्र पांडेय, कविता पाटीदार ने मंडल प्रतिनिधियों और अन्य नेताओं के साथ नए जिला अध्यक्ष के दावेदार नेताओं के नामों पर चर्चा की है। तीन दावेदारों के नाम जिला अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी संगठन को भेजे जाएंगे। इसके बाद नए जिला अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा।

बीजेपी संगठन ने 28 दिसंबर तक जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए रायशुमारी बैठकें करने को कहा है। इसके बाद नामों के पैनल दिल्ली भेज दिए जाएंगे। पर्यवेक्षक और जिला चुनाव अधिकारी एक साथ बैठकर इन पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से एक फार्मेट में तीन-तीन नाम लेंगे।


**मुख्यमंत्री ने धान उपार्जन की समीक्षा कर खुले में पड़े धान को तत्काल सुरक्षित करने के दिए निर्देश**

# किसानों को समय पर कराएं भुगतान और उपार्जित धान का जल्द करें परिवहन -डॉ. मोहन यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन किसानों का धान उपार्जित कर लिया गया है, उन्हें कम से कम समय में भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। प्रक्रिया को सरल कर तीन से चार दिनों में उपार्जन राशि का भुगतान कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए खुले में पड़े धान का जल्द से जल्द परिवहन कराएं और इसे बारिश से बचाएं। उन्होंने कहा कि गोडाऊन परिसर में भी यदि उपार्जित धान खुले में रखा है तो उसे जल्द से जल्द अंदर रखवा लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को (मुख्यमंत्री निवास) समत्व भवन स्थित में धान उर्पाजन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव एवं कृ?षि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन सहकारी समितियों में धान खुले आसमान के नीचे रखा है, खराब मौसम की आशंका को देखते हुए उपार्जित धान को बारिश से बचाने के लिए समितियां तत्काल तिरपाल आदि से खुले में पड़े धान को ढंक लें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे किसानों से यह आग्रह करें कि मौसम को देखते हुए वे कुछ दिन रूककर या मौसम साफ होने पर ही अपना धान उपार्जन के लिए लेकर आएं। मौसम यदि ज्यादा दिन तक खराब रहता है तो सरकार धान उपार्जन की तय अवधि बढ़ाने पर भी विचार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि वे धान मिलर्स को निर्देशित करें कि वे भी अपने धान का जल्द से जल्द उठाव करा लें। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों से कहा कि वे उपार्जित धान का तत्काल परिवहन कराकर इन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं और आवश्यकतानुसार प्रबन्ध करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया को सरल बनाया जाएं, ताकि तय समय-सीमा तक अधिकतम किसानों का धान उपार्जन हो सके। किसानों से जो धान उपार्जित किया जा रहा है, उन्हें अधिकाधिक मात्रा में धान मिलर्स को ही देने का प्रयास करें, इससे धान मिलिंग की प्रक्रिया पर लगने वाला समय, धन और श्रम बचेगा। धान परिवहन हेतु अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक वाहन लगाए जाए एवं आवश्यक हो तो अन्य परिवहनकर्ता/वाहनों को अधिग्रहण कर धान का परिवहन कराया जाए। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र पर खुले में भण्डारित धान को सहकारी समितियों के माध्यम से गोदाम में धान की स्टेकिंग कराई जाए। समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों के शीघ्र भुगतान हेतु स्वीकृति पत्रक शीघ्रता से जारी कराए जाए। भारत सरकार द्वारा एफएक्यू मापदण्ड अनुसार धान का उपार्जन किया जाए जिसकी मॉनिटरिंग हेतु अन्य विभाग के अमले को भी लगाया जाए। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 7.72 लाख किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है, जो गत वर्ष 2023-24 (7.27 लाख) की तुलना में अधिक है। इस वर्ष प्रदेश में 1393 धान उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें अब तक 22.86 लाख मीट्रिक धान का उपार्जन हो चुका है। अब तक 3.48 लाख किसान अपना धान बेच चुके हैं। जिन किसानों से उपार्जन हो चुका है, उन्हें न्यूनतम समय में भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। 26 दिसम्बर तक 45 लाख मीट्रिक टन धान कॉमन (ग्रेड ए श्रेणी का) उपार्जित किया जा चुका है। जिन किसानों से धान उपार्जन किया गया है, उन्हें उपार्जन मूल्य के रूप में 1,961 करोड़ रूपए का भुगतान किए जा चुके हैं। प्रदेश में बारदाने की कोई कमी नहीं है। उपार्जित धान का परिवहन और भंडारण भी समुचित तरीके से किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 674 अनुबंधित मिलर्स हैं। इनके द्वारा अब तक 3.36 लाख मीट्रिक टन उपार्जित धान का उठाव कर लिया गया है।



हम में से बहुत से लोगों के घर में लड्डू गोपाल विराजमान हैं। लड्डू गोपाल की सेवा में उनको स्नान कराने से लेकर उनके भोग का विशेष ध्यान रखा जाता है। वहीं सर्दियों के दिनों में तो लड्डू गोपाल का अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। क्योंकि लड्डू गोपाल की सेवा भगवान की तरह नहीं बल्कि एक छोटे बच्चे की तरह की जाती है। ऐसे में अगर आपके घर में भी लड्डू गोपाल विराजमान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि लड्डू गोपाल को ठंड के मौसम में किस तरह के वस्त्र पहनाने चाहिए।



## 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके

कम-से-कम 1990 के बाद से रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही। कई बार सरकारों ने तब भी उसके दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। अब ये कहानी बदल गई है। संजय मल्होत्रा लगातार दूसरे नौकरशाह हैं, जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के एलान के संकेत मिल गया था कि केंद्र सरकार भविष्य में आरबीआई से कैसी भूमिका की अपेक्षा रखती है। मल्होत्रा ने इस प्रतिष्ठित संस्था का कमान संभालने के तुरंत बाद जो कहा, उससे यह भी जाहिर हो गया है नए गवर्नर किस रूप में अपनी भूमिका देखते हैं। मल्होत्रा ने कहा- अब जबकि हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी अर्थव्यवस्था जिस हाल में है, उसे और विसित होने की जरूरत है, ताकि 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके।' लाजिमी है कि ऐसे वक्तव्य आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक रंग लिए दिखें। सेंट्रल बैंकों (जिसे भारत में रिजर्व बैंक कहा जाता है) की क्या भूमिका होना चाहिए, इस पर सोच अक्सर टकराती रही है। मजबूत सरकारें अक्सर उसे अपने एक विभाग के रूप में काम करते देखना चाहती हैं, जबकि बाजार और अर्थव्यवस्था में हित रखने वाले अनेक दूसरे तबकों की अपेक्षा यह होती है कि ये संस्था पेशेवर नजरिए से काम करे। लोकतांत्रिक देशों में सरकारों की अपनी सियासी एवं चुनावी प्राथमिकताएं होती हैं, जो कई बार अर्थव्यवस्था की बड़ी जरूरतों के खिलाफ चली जाती हैं।

# डॉ मनमोहन सिंह के प्रति इतिहास आखिर क्यों दयालु होगा? समझिए विस्तार से!



देखा जाए तो प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह भारत के 13 वें प्रधानमंत्री थे। वो लोकसभा चुनाव 2009 में मिली जीत के बाद, जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह अब नहीं रहे, लेकिन पिछले 10 वर्षों से उनकी एक पंक्ति मुझे रह-रह कर चुभती आई है। वह यह कि वर्तमान मीडिया से ज्यादा इतिहास उनके प्रति दयालु होगा। चूंकि मैं इतिहास स्नातकोत्तर का विद्यार्थी रहा हूँ और पेशेवर मीडिया कर्मी भी हूँ, इसलिए उनकी बात और उसके मर्म को भलीभांति समझता हूं। इसलिए अमूमन सोचता रहता हूँ कि आखिर डॉ सिंह ने इतनी तल्ख टिप्पणी क्यों की? याद दिला दें कि जनवरी 2014 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि मैं मानता हूं कि अभी की मीडिया की तुलना में इतिहास मेरे प्रति दयालु होगा। इसलिए यह यक्ष प्रश्न स्वाभाविक है कि आखिर डॉ मनमोहन सिंह के प्रति इतिहास क्यों दयालु होगा? किस स्तर तक यानी कितना होगा? और उन बातों-जज्बातों को जिन्हें खुद उन्होंने मुखरित होकर उठाया, या फिर मीडिया के उठाने के बावजूद भी उन पर चुप्पी साध ली, उसके बारे में इतिहास विद किस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे, वस्तुनिष्ठ अवलोकन करना जरूरी है।

ऐसा इसलिए कि पत्रकारिता भी तो आज का इतिहास ही है। यह हर रोज गुजश्ते इतिहास का जीता-जागता सबूत है। कभी कभी तो वह खुद को दोहराता भी है, जैसा कि इतिहास बेकन ने कहा है। इसलिए सहज ही सवाल उठता है कि क्या मीडिया नासमझ है और इतिहास वस्तुनिष्ठ, जिस पर पक्षपात के आरोप लगते आए हैं! या फिर वो यानी डॉ सिंह जज्बाती, जिन्होंने मैडम (सोनिया गांधी) का यस मैन बनकर अपनी सियासत तो चमका ली, अपने युगान्तकारी नीतियों-रणनीतियों से कुछ लोगों को लाभान्वित भी कर गए! लेकिन जब एक शासक के रूप में राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बचाने और आतंकवादियों व उनके आकाओं के खिलाफ सख्त प्रशासनिक फैसले लेने की जरूरत आई तो किंकर्तव्यविमूढ़ बन बैठे। वहीं, राष्ट्रीय संसाधनों पर अल्पसंख्यकों के पहले अधिकार की बात छेड़कर बहुसंख्यक समाज के आंखों की किरकिरी बन बैठे। चाहे आरक्षण हो या बेरोजगारी, इसका समुचित समाधान अपने 10 वर्षीय शासनकाल में भी नहीं दे पाए, जिसके चलते एक बार राहुल गांधी भी उनसे नाखुश प्रतीत हुए और उसके बाद ही उन्हें चुनावी हार का भी सामना करना पड़ा। बावजूद इसके जब उनसे जुड़ी विभिन्न बातों को यदि समय की कसौटी पर कसा जाए, उनके विचारों और व्यवहारों को परखा जाए तो उपर्युक्त तीनों बातें सही हैं। इसके बावजूद, डॉ सिंह का पलड़ा इसलिए भारी है, क्योंकि वह स्वभाव से मृदु, पेशेवर तौर पर ईमानदार और राजनीतिक रूप से सदाशयी और स्पष्टवादी व्यक्ति थे। जिस दौर में उन्होंने सियासत की, जैसा उन्होंने कांग्रेस/यूपीए परिवार का विश्वास और भरोसा हासिल किया और जिन मानवीय मूल्यों को निभाया, उसमें वो सौ प्रतिशत खरे हैं। हां, इतना अवश्य है कि जब चांद भी बेदाग नहीं समझा जाता तो यह %सियासी चांद% भी 26/11 जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बाद आक्रामक कार्रवाई न करने के लिए जनमानस के कठघरे में खड़ा है! वहीं, देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, का राग अलापकर अपने धवल इतिहास में भी उलाहना के कुछ पंक्तियों को सुनने के लिए हमेशा समुपस्थित रहेगा। बातें बहुत सारी हैं, जिन्हें गागर में सागर की तरह समाया नहीं जा सकता। फिर भी इतिहास के एक अध्ययनकर्ता के रूप में और मीडिया कर्मी के रूप में भी मैं कांग्रेस के इन विचारों से सहमत हूँ कि डॉ. मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता, गहन ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि वह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और प्रत्येक भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गए हैं। पहले एक टेक्नोक्रेट के रूप में, उसके बाद अर्थशास्त्री के रूप में और फिर भारत के प्रधान मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सामाजिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक समृद्धि और विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए याद किया जाएगा।

## तोड़ मरोड़कर की राजनीति भाजपा ने सिखाया

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भाजपा से निपटने के लिए उसी के हथियार आजमा रही है। अब तक भाजपा इन्फॉर्मेशन, मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन के जरिए राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं का शिकार करती थी। याद करें कैसे आलू से सोना बनाने वाली बात का राहुल गांधी के खिलाफ इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने असल में कहा था कि मोदीजी आएंगे तो कहेंगे कि इधर से आलू डालो उधर से सोना निकलेगा'।

लेकिन इसका आधा हिस्सा काट दिया गया और प्रचारित किया गया कि राहुल गांधी आलू से सोना बनाने की बात कर रहे हैं। आजतक इसके लिए राहुल का मजाक बनाया जाता है। कई मंच से भाजपा के सर्वोच्च नेताओं ने इसका जिक्र किया, जबकि वे जानते थे कि यह गलत बात है। ऐसे ही याद करें कैसे अमित शाह ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच अखिलेश यादव के अपने पिता को थप्पड़ मारने की बात के झूठे प्रचार के बारे में बताया था।

सबसे ताजा मामला यह है कि पिछले दिनों अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी से जब पूछा गया कि भारत में आरक्षण कब खत्म होगा तो उन्होंने कहा था कि भारत में जब असमानता खत्म हो जाएगी और आरक्षण की जरुरत नहीं रह जाएगी तब आरक्षण खत्म हो जाएगा। इतनी समझदारी भरी बात का भाजपा ने बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया। भाजपा ने राहुल गांधी को आरक्षण विरोधी होने की बात पर चुनाव में प्रचार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद राहुल गांधी को इस बयान के आधार पर आरक्षण विरोधी ठहराया। कांग्रेस के नेता सफाई देते रहे और दावा करते रहे कि राहुल के बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है, लेकिन भाजपा ने अपने प्रचार तंत्र के दम पर बाजी मार ली। लेकिन अब कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को उसी की दवा का स्वाद चखा दिया है।

## भागवत को क्यों दी जा रही है धर्म गुरु नहीं बनने की नसीहत

मोहन भागवत ने कहा कि मंदिर-मस्जिद विवादों को उछाल कर और सांप्रदायिक विभाजन फैलाकर कोई भी हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता। उनका यह बयान हिंदू दक्षिणपंथी समूहों की ओर से देश भर में विभिन्न अदालतों में दशकों पुरानी मस्जिदों पर दावे जैसी मांग के बाद आया है। अपना देश एक रंग बिरंगे गुलदस्ते की तरह है। अनेकता में एकता जिसकी शक्ति है। यहां विभिन्न धर्म और उनकी अलग-अलग पूजा पद्धति देखने को मिलती है तो देश का सामाजिक और जातीय ताना बाना भी काफी बंटा हुआ हुआ है। ऐसे में किसी भी मुद्दे पर किसी तरह की प्रतिक्रिया देने से पूर्व सौ बार उसके बारे में सोचना पड़ता है। वर्ना देश का माहौल खराब होने या जनता की भावनाएं भड़कने में देरी नहीं लगती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान इसका सबसे ताजा उदाहरण है। वैसे यह भी सच्चाई है कि भागवत के बयान पर पहली बार हो-हल्ला नहीं मच रहा है। इससे पूर्व भी भागवत के आरक्षण, ब्राह्मणों, डीएनए से जुड़े बयानों पर हंगामा खड़ा हो चुका है। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर साधु-संतों की ओर से आपत्ति सामने आई है। देश में हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय संत समिति ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की हर जगह मंदिर तलाशने और इसके सहारे कुछ लोगों का हिंदुओं का नेता बनने की कोशिश वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। समिति ने कहा है कि विभिन्न स्थलों पर मंदिर-मस्जिद विवाद को उठाने वाले नेताओं को अपने दायरे में रहना चाहिए। समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा धार्मिक है और इसका फैसला धर्माचार्यों की ओर से किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस मुद्दे को सांस्कृतिक संगठन आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को छोड़ देना चाहिए। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि जब धर्म का विषय उठेगा तो उसे धर्माचार्य तय करेंगे। जब यह धर्माचार्य तय करेंगे तो उसे संघ भी स्वीकार करेगा और विश्व हिंदू परिषद भी। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि मोहन भागवत की अतीत में इसी तरह की टिप्पणियों के बावजूद 56 नए स्थानों पर मंदिर पाए गए हैं, जो मंदिर-मस्जिद मुद्दों में रुचि और कार्रवाई का संकेत देते हैं। जितेंद्रानंद महाराज ने जोर देकर कहा कि धार्मिक संगठन जनता की भावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं। इन समूहों के कार्य उन लोगों की मान्यताओं और भावनाओं से आकार लेते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि केवल राजनीतिक प्रेरणाओं से। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की यह टिप्पणी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की ओर से मोहन भागवत से असहमति व्यक्त करने के एक दिन बाद आई है। बता दें जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपने बयान में कहा था कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासनकर्ता नहीं हैं, बल्कि हम हैं। साधू संत तो भागवत के बयान से नाराज हैं हीं इसके साथ-साथ यह भी पहली बार देखने को मिल रहा है कि आरएसएस प्रमुख को 'परिवार' के भीतर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## सोमवती अमावस्या के दिन करें ये उपाय, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी

पौष माह में पड़ने वाली अमावस्या काफी महत्वपूर्ण होती है। इस बार अमावस्या सोमवार को पड़ रही है इसलिए इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाना जाता है। अगर अमावस्या की तिथि सोमवार या शनिवार को पड़ जाए, तो इसे बेहद शुभ माना जाता है। सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत रुप से पूजा की जाती है। इस दिन पितरों का तर्पण भी किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि अमावस्या के दिन पूजा करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं, भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना करने से साधक को सुख-शांति प्राप्त होती है। ज्योतिष के अनुसार, इस दिन को लेकर कुछ नियम का पालन करना जरुरी है। इस दिन भगवान शिव का महामृत्युंजय मंत्र जाप करना जरुरी है। इसके साथ ही भगवान शिव को जलाभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। ऐसा करने से आर्थिक तंगी दूर होती है। 30 दिसंबर को सुबह से ही अमावस्या तिथि लग रही है, इसलिए 30 दिसंबर को दिनभर स्नान-दान करना जरुरी है। सुबह जल्दी स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद आप पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक जलाएं और गंगाजल अर्पित करें। वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करें और ऊँ नमः शिवाय या ऊँ विष्णवे नमः का जाप करें। इसके अलावा पीपल को कच्चा दूध, जल, हल्दी और चावल अर्पित करें।

## उस्ताद जाकिर हुसैन अपने प्रशंसकों को आह भरता छोड़ गए

आलोक पराड़कर

उस्ताद जाकिर हुसैन को भारतीय शास्त्रीय संगीत का सुपरस्टॉर कहना गलत न होगा। साधक तो वे तबला के थे, जिसे मुख्यत: संगत वाद्य ही माना गया है, लेकिन उनकी लोकप्रियता सब पर भारी थी।

वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के संभवत: सर्वाधिक पारिश्रमिक लेने वाले कलाकार थे, उनके कार्यक्रमों के लिए आयोजकों को लंबा इंतजार करना होता था, उनका आकषर्ण ऐसा था कि फिल्मों और विज्ञापनों में भी उन्हें लिया जाता रहा। वे विश्व में भारत के सांस्कृतिक राजदूत भी थे और प्रख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर के बाद वे ही थे जिन्होंने विभिन्न देशों में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और एक बड़ा प्रशंसक वर्ग तैयार किया।

ग्रैमी' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड में भी उन्होंने भारतीयता का परचम लहराया, लेकिन लोकप्रियता के शिखर पर होने और अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद उनके काम में कहीं समझौता नहीं था। वास्तव में उनमें नाम और काम का संतुलन कुछ वैसा ही था जैसा उनके तबले में बाएं और दाएं का। उनकी उपस्थिति जहां समारोहों की सफलता का पर्याय थी, वहीं उनकी संगत से मुख्य कलाकार का कार्यक्रम भी निखर उठता था। लंबे समय की सफलता उनकी विनम्रता को बदल नहीं सकी थी। हंसमुख, हाजिर जवाब और हरदिल अजीज उस्ताद जाकिर हुसैन अपने व्यक्तित्व में भी कृतित्व जैसी खूबसूरती जीवनपर्यत कायम रख सके। तबले को मुख्यत: संगत का वाद्य ही माना गया है, लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन उन कुछ तबला वादकों में थे जिन्होंने इसे एकल और मुख्य वाद्य के रूप में भी स्थापित किया। वे जब लोकप्रिय होने लगे तो पिता के साथ उनकी जुगलबंदी का चलन खूब था। पिता-पुत्र का तबला वादन खूब पसंद किया जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन के एकल वादन की खास बात यह भी होती कि उन्होंने अपने वादन को शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञों के योग्य ही नहीं बनाया बल्कि इसे आम लोगों के लिए भी रुचिकर बना दिया था। जिस प्रकार प्रख्यात कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज अपनी तिहाइयों को दर्शकों को समझाने के लिए तरह-तरह की कथा-प्रसंगों का सहारा लेते थे, कभी चिड़ियों का उदाहरण देते तो कभी बच्चों के गेंद खेलने का, उस्ताद जाकिर हुसैन भी तबले पर कभी डमरू, कभी मंदिर की घंटी, कभी रेल तो कभी घोड़े की टाप का वादन करते हुए आम लोगों में भी अपनी गहरी पैठ बना लेते थे। शास्त्र को लोकप्रिय मुहावरे में इस प्रकार ढाल लेने का कौशल उन्हें खूब आता था, लेकिन ऐसा नहीं था कि वे एकल वादन के ही उस्ताद थे।

## 30 दिसंबर को मनाई जायेगी पौष मास की सोमवती अमावस्या

सोमवार 30 दिसंबर को पौष मास की अमावस्या है। जब सोमवार को अमावस्या होती है तो इसे सोमवती कहा जाता है। सोमवती अमावस पर शिव जी का रुद्राभिषेक करने की परंपरा है। इसके साथ ही इस दिन पितरों के लिए धूप-ध्यान और दान-पुण्य किए जाते हैं। गरुड़ पुराण में बताया गया है कि सोमवती अमावस्या की तिथि पर पितरों का तर्पण करना बहुत शुभ होता है। इस दिन पितरों को तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि पंचांग के अनुसार पौष मास की अमावस्या तिथि 30 दिसंबर को सुबह प्रात: 04ः01 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 31 दिसंबर को प्रात: 03ः 56 मिनट पर होगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या में स्नान और दान उदयातिथि में मान्य होता है। इसलिए पौष मास की अमावस्या तिथि 30 दिसंबर को मनाई जाएगी। अमावस्या तिथि जब सोमवार के दिन आती है। तब इसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है।

## जिसके मौन ने मचाया शोर.... वो चला गया

डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी एकाग्रता के सभी काबिल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणब मुखर्जी का नाम सबसे तेज दौड़ा।

बानवे वर्ष में डॉ मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका संपुर्ण मौन व्यक्तित्व ऐसा रहा जिससे देश भी कई मर्तबा अधीर होकर उठ खड़ा हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह को न सिर्फ भारत ने, बल्कि विश्व विरादरी ने अपना सगा अर्थ-व्यवस्था का विलक्षण कोहिनूर समान वास्तुकार खो दिया। पूरे संसार की आंखे उनके निधन से नम हैं। दो दफे प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर साहब ने 5 ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिन्हें मौजूदा क्या, आने वाली पीढ़ियां भी स्मरण करती रहेंगी। 2005 में 'सूचना का अधिकार' और इसी साल 'मनरेगा कानून' को लागू करना। फिर सन-2009 में 'शिक्षा का अधिकार कानून'। वहीं, 2013 में दो बड़े फैसले 'राष्ट्रय खाद्य सुरक्षा कानून' और 'भूमि अधिग्रहण कानून' पर अंतिम निर्णय लेने को प्रत्येक भारतवासी सदैव याद करेंगे। डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी एकाग्रता के सभी काबिल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणब मुखर्जी का नाम सबसे तेज दौड़ा। पर, प्रणब मुखर्जी ने खुद आगे बढ़कर सोनिया गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई कि देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से आगे बढ़ रही है, उसे डॉ. मनमोहन सिंह से बेहतर दूसरा कोई गति नहीं दे सकता। इसलिए वो गति निरंतर रहे, दोबारा से डॉक्टर साहब को ही कमान सौंपी जाए। उनके कहने के बाद ही यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दोबारा डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगवाई। सन-1991 में वित्तमंत्री रहते उन्होंने जब देश की गड़बड़ अर्थव्यवस्था को संभाला था। तब स्वंय अटल बिहारी बाजपेई ने उनकी तारीफ की थी। अपने वित्तमंत्री कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भी डॉ. सिंह के फैसलों को सराहा था। दरअसल वो ऐसा दौर था जब दशकों से बंद पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवारों को खोलने की शुरूआत मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी। वित्तमंत्री रहते लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने सबसे पहले विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का काम किया और भारत के भीतर विदेशी कारोबार को अपने अर्थ स्टाइल से आकर्षित करवाया। तभी से भारत में बाहरी कंपनियों के आगमन की शुरुआत हुई। ये काम उन्होंने बिना ढोल बजाए किया। न प्रचार किया और शोर-शराबा। जबकि, उनके चुप रहने और शांत भाव की 'मौनता' पर विभिन्न सियासी दलों ने हमेशा असहनीय और अखरने वाली तल्ख टिप्पणियां की। पर, उन्होंने कभी किसी को पलट कर कोई कड़वा जवाब नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रिश्तों के मापदंणों को सियासत से सदैव उपर रखा। हालांकि, बीते एकाध दशक से उन पर ज्यादा ही कटाक्ष होने लगे, तो उनके भीतर का शांत शायर जाग उठा। तब, उन्होंने अपने सियासी विरोधियों को अपने दो शेर के जरिए जवाब दिया। उन शेर को लोग आज उनके न रहने पर खूब गुनगुना और याद कर रहे हैं। उनका पहला शेर था 'माना तेरे दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतज़ार देख'। और दूसरा शेर 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी', था। ये दोनों शेर हमेशा चर्चाओं में रहे।

गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के अलावा डॉक्टर मनमोहन सिंह को उच्च शिक्षा में अमूलचूक परिवर्तन और बड़ा सुधारक भी माना गया। एक मर्तबा खुद उन्होंने स्वीकारा था कि विश्व के उच्च शिक्षा संस्थान में पढ़ने के बाद ही उन्होंने देश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां को संभालने का अवसर मिला। इसलिए वह उच्च शिक्षा के सदैव पक्षधर रहे। प्रत्येक निर्णयों में उनका धैर्य, संयम, निस्पृहता और उदारता देखने लायक होती थी। प्रेशर में आकर या जल्दबाजी में उन्होंने कभी कोई निर्णय नहीं लिया। 2005 में मनरेगा का जब फाइनल ड्रफ तैयार होकर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो उसमें उन्होंने बदलाव करने को कहा, जिसको लेकर उन्होंने सोनिया गांधी की नाराजगी भी सही। लेकिन बाद में हुआ वही जो मनमोहन सिंह ने चाहा। मनमोहन सिंह सरकार में अरुणा राय उनकी सलाहकार थी, जिन्होंने ही मनरेगा में महत्वपूर्ण बदलाव के सुझाव दिए थे, उनकी राय पर ही डॉक्टर साहब ने रोजगार गारंटी अधिनियम कानून लागू किया गया। उसमें अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व निसंदेह करिश्माई था। करिश्माई इसलिए, क्योंकि अस्सी के दशक में जिन्होंने भी विभिन्न भारतीय नोटों में रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में उनका नाम और हस्ताक्षर देखें होंगे। उन्होंने सपनों में भी नहीं सोचा होगा कि ये व्यक्ति कभी प्रधानमंत्री का औहदा भी संभालेगा। एक दफे उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। उसके बाद वह बिना कोई चुनाव लड़े देश के शीर्ष पदों पर पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह रिकॉर्ड 33 वर्ष तक राज्यसभा में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। वर्ष-1991 में वह पहली बार राज्यसभा पहुंचे। उसके 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर से राज्यसभा के लिए चुने गए। सन 1998 से लेकर 2004 के बीच वह राज्यसभा में नेता विपक्ष का औहदा भी संभाला, केंद्र में एनडीए की हुकुमत हुआ करती थी। इसके अलावा वह वित्त सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री के सलाहकार, यूजीसी अध्यक्ष और आरबीआई गवर्नर भी रहे। कुलमिलाकर उन्होंने देश के तकरीबन बड़े पदों पर रहकर उनकी सौभाएं बढ़ाई। सभी विधाओं में उनकी भूकिमाएं काबिलेतारीफ रही। वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के तीनों संस्करणों में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। डॉ. मनमोहन सिंह देश के बेशकीमती हीरे ही नहीं, बल्कि धरोहर जैसे थे। उनके योगदान के किस्से आने वाली पीढ़ियां तब तक सुनती, पढ़ती रहेंगी। जब तक ये धरा रहेगी। अलविदा, डॉक्टर साहब, मेरी ओर से आपको भावभीनी श्रद्धांजलि।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगो का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद पर गर्व करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां बनेंगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

तुला राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। काम को पूरा करने में आ रही अड़चन आज समाप्त होंगी। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतरी के लिए आप किसी से हेल्प ले सकते हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोडा चिंतित हो सकते हैं।

मकर राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। लंबे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

मीन राशि: आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। इस राशि के बिजली विभाग के कर्मचारियों का दिन अच्छा रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग



राजस्थान सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में कुल नौ जिलों को भंग कर दिया है। अशोक गहलोत सरकार में 17 नए जिलों और तीन नए संभागों की घोषणा की गई थी, लेकिन आचार संहिता से पहले नए जिले और संभाग बनाना अनुचित माना गया। परिणामस्वरूप, जिलों को रद्द कर दिया गया। भजनलाल सरकार ने पिछले प्रशासन के कुछ नए प्रस्तावित जिलों को अव्यवहारिक माना और उनका मानना ??था कि इससे राजस्थान पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो राज्य के हित में नहीं था।



# पेपर लीक करवाकर युवाओं का एकलव्य की तरह काटा जाता है अंगूठा, ताजा उदाहरण बिहार - राहुल गांधी

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज होने के बाद से देश और प्रदेश की राजनीति का तापमान बढ़ गया है। विपक्ष के नेता इसे लेकर बिहार सरकार को घेरने में जुटे हैं।

इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैंने संसद में कहा था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटवाया गया था उसी तरह पेपर लीक करवाकर युवाओं का अंगूठा काटा जाता है। इसका ताजा उदाहरण बिहार है। बीपीएससी अभ्यार्थी पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, एनडीए की सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए उल्टा छात्रों पर ही लाठी चार्ज करवा रही है। यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम उनके साथ हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए लड़ेंगे।

वहीं राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने छात्रों पर लाठीचार्ज को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज नहीं करना चाहिए। यह गलत बात है।

आपको बता दें कि, बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर धरना पर बैठे अभ्यर्थी बुधवार को बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। आरोप है कि जब वे नहीं रुके तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी बुरी तरह से घायल हो गए थे।

दरअसल 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में प्रदेश की राजधानी पटना के बापू भवन परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाह फैल गई थी, जिसके बाद सैकड़ों उम्मीदवारों ने विरोध दर्ज कराने के लिए परीक्षा का बहिष्कार भी किया था। इसके बाद बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। दूसरी तरफ छात्र पूरी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर अड़े हुए है।

**कांग्रेस 24 घंटे के भीतर अजय माकन पर करे कार्रवाई : आम आदमी पार्टी की चेतावनी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता अजय माकन की बयानबाजी से बौखलाई आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को 24 घंटे के भीतर उन पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है। आप ने चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं करने पर वह इंडिया ब्लॉक के सभी घटक दलों से बात कर कांग्रेस बाहर करवा देगी।

आप नेता संजय सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की है कि वह माकन की ओर से की गई बयानबाजी पर सफाई पेश करे और 24 घंटे में उन पर कार्रवाई करे। पार्टी ने चेतावनी भरे लहजे में आगे कहा कि ऐसा नहीं होने पर इंडिया ब्लॉक के दूसरे घटक दलों से बात की जाएगी और कांग्रेस को बाहर करने की मांग की जाएगी।

आप नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता अजय माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं। वह भाजपा के कहने पर बयान देते हैं और आप के नेताओं को टारगेट करते हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को अजय माकन ने सारी हदें पार करके अरविंद केजरीवाल को राष्ट्रविरोधी बताया। इसके अलावा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ यूथ कांग्रेस की तरफ से शिकायत तक दी गई है।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अब यह बिल्कुल साफ हो गया है कि कांग्रेस ने भाजपा के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव में गठबंधन कर लिया है और आप को हराने के लिए काम कर रही है। उन्होंने दावा किया, सूत्रों से पता चला है कि कांग्रेस के जो प्रत्याशी हैं, उनका चुनाव का खर्चा भारतीय जनता पार्टी से आ रहा है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान एक युवा उपलब्धि हासिल करने वाले को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करेंगी।




भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य ने नई दिल्ली में आप की %महिला सम्मान योजना% को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# जब तक ईवीएम छेड़छाड़ का ठोस सबूत नहीं, तब तक आरोप लगाना सही नहीं : सुप्रिया सुले

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद महाविकास अघाड़ी के नेता ईवीएम पर लगातार सवाल उठा रहे है। इसी बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने ठोस सबूतों की बात की है।

सुप्रिया सुले ने ईवीएम पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब तक इसके खिलाफ छेड़छाड़ के ठोस सबूत नहीं मिलते, तब तक ईवीएम को दोष देना गलत है। ईवीएम के खिलाफ कोई भी आरोप तभी उचित हो सकते हैं जब उसके बारे में ठोस और विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध हों। मैं खुद ईवीएम से चार बार चुनाव जीत चुकी हूं।

सुप्रिया सुले ने आगे कहा कि ओडिशा के बीजू जनता दल (बीजेडी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे कुछ राजनीतिक दलों ने ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों को साबित करने के लिए डेटा होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बीजेडी के नेता अमर पटनायक ने मंगलवार को उन्हें एक पत्र लिखा था, जिसमें ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ कुछ डेटा साझा किया गया था। हालांकि इस डेटा के बारे में पत्र में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई थी।

सुप्रिया सुले ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने पर आपत्ति जताई है। केजरीवाल का यह आरोप था कि वोटर लिस्ट में नामों को बिना उचित कारण के हटाया और जोड़ा जा रहा है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। मैं यहीं कह सकती हूं कि कुल मिलाकर माहौल परेशान करने वाला है। चाहे कोई तकनीकी समस्या हो या मतदाता सूची से जुड़ी कोई बात हो, इन बातों का जवाब बिना चर्चा के नहीं दिया जा सकता है।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने चुनाव आयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ईसीआई को खुद साबित करना चाहिए कि वो चोर नहीं हैं। हमें यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि आप चोर हैं। यह आपकी जिम्मेदारी है। महाराष्ट्र की जनता बीजेपी के खिलाफ है और उनकी चोरी हर गांव और शहर में उजागर हो चुकी है। जनता की अदालत में बीजेपी का पर्दाफाश हो चुका है।

**महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर निशाना**

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नव्व अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर 'प्रयागराज महाकुंभ 2025' की तैयारियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन की तैयारियों में लापरवाही सामने आ रही है। पुलिस विभाग का सुरक्षा चक्र का प्रबंधन बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था, क्योंकि यह किसी अंतिम समय की प्रतीक्षा नहीं करता। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज की जनता पूछ रही है कि भाजपा सरकार ने महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने में तो तत्परता दिखाई,

## धूमधाम से मनाई जाएगी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया है कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी।

राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ मंडप में शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों के साथ अग्निहोत्र का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे और फिर दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा।

इसके अलावा, 6 लाख श्री राम मंत्रों का जप और राम रक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा सहित अन्य धार्मिक मंत्रों का उच्चारण भी किया जाएगा। मंदिर के भूतल पर 3 से 5 बजे तक राग सेवा 6-9 बजे तक बधाई गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

इसके बाद, यात्री सुविधा केंद्र की पहली मंजिल पर रामचरितमानस का संगीतबद्ध पाठ होगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की।

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक तय करेगी आगामी दिशा और एजेंडा : सचिन पायलट

बेलगावी (आरएनएस)। कांग्रेस कार्यसमिति की आगामी बैठक (सीडब्ल्यूसी) से पहले, पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को बेलगावी हवाई अड्डे पर संवाद करते हुए कहा कि इस बैठक का महत्व आगामी महीनों और वर्षों के लिए कांग्रेस की दिशा और एजेंडा तय करने में होगा। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छा है, लेकिन इस बैठक में पार्टी के भविष्य की रणनीतियों पर विचार होगा। पायलट ने कहा, यह शताब्दी विशेष है और हम इस बैठक में चर्चा करेंगे कि पार्टी कैसे आगे बढ़ेगी और अपने विरोधियों से कैसे निपटेगी। कार्यसमिति की बैठक में कई ऐतिहासिक मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। पायलट ने कांग्रेस और भारतीय गठबंधन की मजबूती को भी रेखांकित किया, और कहा कि कांग्रेस नेतृत्व इस बारे में दिशा-निर्देश देगा कि अगले कदम क्या होंगे। इस बैठक में हिस्सा लेने आए कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी विचार साझा किए। सलमान खुर्शीद ने कहा, यह ऐतिहासिक है, 100 साल पहले यहां इतिहास रचा गया था। हमें देश को सही दिशा में ले जाने और संविधान के लिए लड़ने की आवश्यकता है।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, लालू यादव बोले ये गलत

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राजनीति गर्म हो गयी है। विपक्ष के नेता इसे लेकर सरकार को घेरने में जुटे हैं। इस बीच, राजद के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने छात्रों पर लाठी चार्ज को गलत बताया है।

पत्रकारों ने गुरुवार को जब बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर राजद अध्यक्ष लालू यादव से सवाल किया तब उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठी चार्ज नहीं करना चाहिए। गलत बात है। इससे पहले, पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उनके ऊपर लाठियां भांजी थीं। कथित तौर पर लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी बुरी तरह से घायल हो गए थे।

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भी सरकार से छात्रों की मांग मानने का अनुरोध किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर छात्रों की मांग नहीं मानी गयी तो एक जनवरी को बिहार बंद किया जाएगा।

बता दें कि 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में प्रदेश की राजधानी पटना के बापू भवन परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाह फैल गई थी, जिसके बाद सैकड़ों उम्मीदवारों ने विरोध दर्ज कराने के लिए परीक्षा का बहिष्कार भी किया था। इसके बाद बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया है। दूसरी तरफ छात्र पूरी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में धरने पर बैठे हुए हैं।

## 24 घंटे मे फिर दहला हरियाणा : सोनीपत मे फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके

सोनीपत (आरएनएस)। हरियाणा में लगातार दूसरी बार धरती हिली है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में फिर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र आज सुबह 9 बजकर 42 मिनट 3 सेकंड पर सोनीपत के पहलादपुर किड़ौली क्षेत्र में स्टेडियम के पास दर्ज किया गया।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भले ही यह झटका हल्का था, लेकिन इसने एक बार फिर लोगों में चिंता पैदा कर दी है।भूकंप की तीव्रता और प्रभावरिक्टर पैमाने पर 2.6 की तीव्रता को मामूली श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे झटकों से आमतौर पर ज्यादा नुकसान नहीं होता, लेकिन स्थानीय निवासियों के लिए इनका अनुभव भयावह हो सकता है। सोनीपत में कई लोगों ने हल्के झटके महसूस किए, हालांकि अभी तक किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी अस्पताल का दौरा किया और हल्द्वानी के भीमताल बस हादसे में घायल लोगों का हालचाल जाना.



चेन्नई के मरीना बीच पर 2004 की सुनामी त्रासदी की 20वीं वर्षगांठ पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करती महिलाएं

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर डटे छात्र, अफवाह और जायज के बीच फंसा निर्णय

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर गुरुवार को भी अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बीपीएससी प्रश्न पत्र लीक को अफवाह तो धरने पर बैठे छात्र अपनी मांगों को जायज बता रहे हैं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और जन सुराज पार्टी छात्रों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके समर्थन में हैं। इस बीच, बुधवार को बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे छात्रों पर हुए पुलिस के लाठी चार्ज को लेकर भी सियासत शुरू हो गयी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा कि मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है।

उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है उन्हें खोज-खबर ही नहीं बिहार में क्या हो रहा है? भाजपा ने प्रदेश में गुंडागर्दी की सीमा पार कर दी है। चंद माह पूर्व तक एनडीए के नेता नीतीश कुमार को किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बता उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते नहीं थकते थे अब वही। भाजपा, लोजपा, हम के नेता उनके तानाशाही निर्णयों को शिरोधार्य कर बीपीएससी परीक्षार्थियों को पुलिस से पिटवा इस गुंडागर्दी को उचित ठहरा रहे है। नीतीश कुमार खुद को जेपी का स्वयंघोषित चेला बताते है लेकिन छात्रों के लोकतांत्रिक विरोध से नफरत है। समस्त स्वार्थी एनडीए नेताओं का यही हाल है। दूसरी तरफ, पटना सचिवालय-एक की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनु कुमारी ने कहा, गर्दनीबाग धरनास्थल पर कुछ लोगों द्वारा बीपीएससी की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। 25 दिसंबर को निर्धारित धरना स्थल गर्दनीबाग से दूर नेहरू पथ पर बीपीएससी कार्यालय के निकट प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर प्रदर्शन किया जा रहा था। वापस धरना स्थल पर जाने का बार-बार अनुरोध करने पर भी वह नहीं माने और कुछ लोग वहीं धरने पर बैठ गये, जिन्हें हल्का बल प्रयोग कर वहां से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने, अफवाह फैलाने और लोगों को उकसाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन सब के बीच आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि 13 दिसंबर को आयोजित की गई परीक्षा को रद्द करने का कोई सवाल ही नहीं है।



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर से भारतीय फिल्मों को करने की ओर बढ़ रही हैं लेकिन इस बार नये अंदाज के साथ। इस बार प्रियंका चोपड़ा को लेकर बड़ी खबर आ रही है कि वह एसएस राजामौली के साथ भारतीय फिल्मों में वापसी कर रही हैं। माना जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा को महेश बाबू की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया है। एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित यह फिल्म भगवान हनुमान के गुणों से प्रेरित एक अनोखी अफ्रीकी जंगल साहसिक कहानी है।



# अद्रिजा रॉय ने अनुपमा में ली एंट्री, अलीशा परवीन को किया रिप्लेस, निभाएंगी राही का रोल



अनुपमा में इन दिनों काफी फेरबदल दिख रहा है. शो में राही का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस अलीशा परवीन को मेकर्स ने निकाल दिया. उनकी जगह मेकर्स ने एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय को कास्ट किया है.

अद्रिजा रॉय के साथ शूटिंग शुरू हो गई है. अद्रिजा को शिवम खजूरिया के अपोजिट रोल में देखा जाएगा. मेकर्स ने ऑफिशिय अनाउंसमेंट कर दी है.

अद्रिजा रॉय का जन्म कोलकाता में हुआ था और उन्होंने बंगाली सीरीज से ही टीवी डेब्यू किया था. वो 2016 में शो बेदिनी मोलुआर कोठा में नजर आई थी.

इस शो से उन्हें बहुत तारीफ मिली थी. उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया था. इसके बाद उन्होंने और भी बंगाली शो में काम किया.

वो दुर्गा दुर्गेश्वरी, पोटोल कुमार गाणवाला, जय काली कलकत्तेवाली, बिक्रम बेताल और मौउ एर बारी जैसे शो में नजर आई थीं. 2023 में अद्रिजा ने हिंदी टीवी इंडस्ट्री में एंट्री ली और खुद को प्रॉमिनेंट फिगर के तौर पर स्टैब्लिश किया. उन्होंने इमली में काम किया.

उन्होंने पॉपुलर शो कुंडली भाग्य में भी काम किया. इस शो में डॉक्टर पालकी खुराना का रोल प्ले किया था. उन्होंने बंगाली फिल्म परिणीता और गोल्पेर मायाजाल में भी काम किया है. अब उन्हें अनुपमा में देखा जाएगा. अद्रिजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं.

**डकैत में मृणाल ठाकुर ने श्रुति हासन को किया रिप्लेस, फिल्म के नए पोस्टर में अदिवि शेष के साथ एक्शन मोड में आई नजर**

टॉलीवुड अभिनेता आदिवि शेष का आज जन्मदिन हैं। ऐसे में निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया है। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक डकैत है, जिसका निर्देशन शैनियल देव कर रहे हैं। यह एक प्रेम कहानी है। निर्माताओं ने फिल्म डकैत का पोस्टर जारी किया, जिसमें श्रुति हासन की जगह मृणाल ठाकुर नजर आईं। निर्माताओं ने मृणाल के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में, आदिवि शेष सीरियस दिखाई दे रहें हैं, जबकि मृणाल उन्हें दुख से देखती नजर आ रही हैं दूसरे पोस्टर में मृणाल हाथ में बंदूक लिए गुस्से में दिखाई दे रही हैं। दोनों ही स्टार्स स्टाइलिश तरीके से कार में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। डकैत के दोनों पोस्टर काफी शानदार हैं।

यह फिल्म दो पूर्व प्रेमियों की कहानी है, जिन्हें कई साहसिक डकैतियों के लिए फिर से एकजुट होने के लिए मजबूर किया जाता है, जो आखिर में उनके जीवन की दिशा बदल देती है। फिल्म का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा ने किया है, सह-निर्माता सुनील नारंग हैं और अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगु में एक साथ की जा रही है, जिसकी कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शैनियल देव ने मिलकर तैयार की है।

### केए10 के शीर्षक से उठा पर्दा, किरण अब्बावरम की प्रेम और रोमांटिक एक्शन फिल्म दिलरूबा का पहला पोस्टर भी जारी

युवा और प्रतिभाशाली नायक किरण अब्बावरम ने सस्पेंस थ्रिलर केए से सभी को प्रभावित किया है। अभिनेता अपनी अगली फिल्म के साथ सभी को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं।

अभिनेता की नई फिल्म का शीर्षक फाइनल हो गया है, दिलरुबा। शीर्षक पोस्टर ने पहले ही काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है। रुखसार ढिल्लन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी।

दिलरुबा का निर्माण शिवम सेल्युलॉइड्स और यूडली फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जो सारेगामा इंडिया लिमिटेड का फिल्म स्टूडियो है। रवि, जोजो जोस, राकेश रेड्डी और सारेगामा इसके निर्माता हैं, जबकि विश्व करुण इस दिलचस्प मनोरंजक फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

# थाई स्लिट ड्रेस पहने श्रद्धा दास ने बिखेरा हुस्न का जलाव



साउथ एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी और हॉट अवतार देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।

अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास लोगों के बीच काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने ब्लू कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का हाई बन बनाकर और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। श्रद्धा दास सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। श्रद्धा दास सोशल मीडिय पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। ये ही नहीं एक्ट्रेस का हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही बवाल मचाने लगता है।

## दे दे प्यार दे 2 को मिली नई रिलीज तारीख, अगले साल 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

साल 2019 में आई फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। यह फिल्म अगले साल मई में रिलीज होनी थी। मगर, इसकी रिलीज डेट अचानक टल गई। फिर कहा गया कि यह फिल्म सितंबर में आएगी। मगर, आज मेकर्स की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी में पता चला है कि दर्शकों को अभी इस फिल्म के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अजय देवगन, आर माधवन और रकुल प्रीत सिंह जैसे सितारों से सजी यह फिल्म कब रिलीज होगी? चलिए जानते हैं.

फिल्म दे दे प्यार दे 2 अब साल 2025 में नवंबर के महीने में रिलीज होगी। लव फिल्म्स की तरफ से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें लिखा है, फिल्म दे दे प्यार दे 2 14 नवंबर 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा कर रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, लव रंजन और अंकुर गर्ग फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को तरुण जैन और लव रंजन ने लिखा है। दे दे प्यार दे 2 पहले 1 मई 2025 को रिलीज हो रही थी। लेकिन, अब नवंबर में बाल दिवस के अवसर पर फिल्म आएगी। हंसी-तफरी से लेकर रोमांस और फैमिली ड्रामा तक, इस फिल्म में सभी चीजें मौजूद हैं। फिल्म शैतान के बाद आर माधवन और अजय देवगन को एक बार फिर दर्शक साथ देख सकेंगे।

फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, बाल दिवस पर रोमांटिक फिल्म रिलीज करने का क्या तुक है? वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, इतना लंबा इंतजार, बेकार रिलीज डेट है। फिल्म दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट को अजय देवगन की ही फिल्म रेड 2 की वजह से आगे खिसकाया गया है। हाल ही में एलान किया गया कि फिल्म रेड 2 1 मई, 2025 को रिलीज होगी। ऐसे में दोनों फिल्मों के टकराव से बचने के लिए मेकर्स ने दे दे प्यार दे 2 की रिलीज डेट बदल दी।

## पुष्पा 2 1100 करोड़ से चंद कदम दूर, बनीं 700 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म

अल्लू अर्जुन की नई एक्शन थ्रिलर पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने प्रभास स्टारर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है. प्रभास की फिल्म का भारतीय कलेक्शन 1040 करोड़ रुपये था और अब पुष्पा 2 का कलेक्शन और भी ज्यादा है. 5 दिसंबर को रिलीज हुई पुष्पा 2 अभी भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. भले ही पुष्पा 2 और अल्लू अर्जुन संध्या थिएटर में हुई भगदड़ विवाद में घिरे हों, लेकिन उनकी फिल्म पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है.

पुष्पा 2 ने अपने तीसरे वीकेंड पर ही 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. तीसरे रविवार को इसने करीब 32.95 करोड़ रुपये कमाए. वहीं 19वें दिन इसमें गिरावट आई और इसने करीब 13 करोड़ रुपये ही कमाए. हालांकि, मंगलवार को फिर से अल्लू अर्जुन की फिल्म में थोड़ी बढ़त देखी गई.

चूंकि क्रिसमस का दिन है तो उम्मीद है कि इस हॉलिडे पर फिल्म कुछ कमाल कर सकती हैं. सैकनिलक के मुताबिक, पुष्पा 2 ने तीसरे मंगलवार को 14.25 करोड़ रुपये कमाए. इस तरह अब भारत में सभी भाषाओं में फिल्म का कुल कलेक्शन 1089.85 करोड़ रुपये हो गया है.

पुष्पा 2 हिंदी बेल्ट पर भी रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. कलेक्शन में गिरावट के बावजूद, फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बनाया. पुष्पा 2 का हिंदी वर्जन 700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है. इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए माइथ्री मूवी मेकर्स ने मंगलवार को एक पोस्टर शेयर किया और लिखा, पुष्पा राज ने हिंदी सिनेमा में 700 करोड़ क्लब की शुरुआत की हिंदी में 700 करोड़ जमा करने वाली पहली फिल्म पुष्पा 2⁼द रूल ने हिंदी में 704.25 करोड़ का विशाल नेट कलेक्शन किया. वहीं, 20वें दिन पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में 11.5 करोड़ रुपये कमाए है. 20 दिनों के बाद अल्लू अर्जुन की फिल्म का टोटल हिंदी कलेक्शन 715.75 करोड़ रुपये हो गए हैं.

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का 3डी वर्जन आ गया है. क्रिसमस से एक दिन पहले मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए मूवी लवर्स को बताया कि पुष्पा 2 का हिंदी वर्जन 3डी वर्जन में उपलब्ध है. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 3डी में वाइल्डफायर का अनुभव लें. पुष्पा 2 का हिंदी वर्जन अब पूरे देश में 3डी में चल रहा है. इससे पहले मेकर्स ने पुष्पा 2 का तेलुगू वर्जन 3डी रिलीज किया था, जो सिर्फ हैदराबाद के चुनिंदा सिनेमाघरों में उपलब्ध था.

पुष्पा 2 दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजनबालन के मुताबिक, फिल्म ने 1600 करोड़ रुपये कमा ली है. मनोबाला के लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने वैश्विक स्तर 1625 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.

### सूर्या और पूजा हेगड़े की अगली फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, रेट्रो का टीजर भी आया सामने

सूर्या और निर्देशक कार्तिक सुब्बराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म का आखिरकार नाम सामने आ गया है। इस फिल्म का नाम रेट्रो रखा गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने क्रिसमस के मौके पर एक रोमांचक टाइटल प्रोमो भी जारी किया। रेट्रो एक गैंगस्टर ड्रामा है, जिसमें पूजा हेगड़े भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी।

सूर्या ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइटल टीजर का लिंक साझा करते हुए लिखा, सभी को मेरी क्रिसमसद्य रेट्रो 2025 की गर्मियों में आ रही है...जल्द मिलते हैं....। वहीं, पूजा हेगड़े ने भी फिल्म की झलक अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की है।

दो मिनट और पांच सेकंड का यह टीजर सूर्या और पूजा हेगड़े के किरदार को बनारस के घाट के किनारे बैठे हुए दिखाता है। पूजा हलके गुलाबी रंग की साड़ी में हैं, जबकि सूर्या इसमें काले कुर्ते में नजर आ रहे हैं।

# चाय पीने के शौकीन हो जाएं सावधान, ज्यादा पीने से शरीर में होते ये नुकसान



सर्दियों में चाय की चुस्की लेना भला किसे पसंद नहीं होता है. गर्मियों में जो लोग चाय अवॉइड करते हैं, वे लोग भी सर्दियों में चाय पीना खूब पसंद करते हैं.भारत में अधिकांश लोगों को दूध वाली मीठी चाय पीना पसंद होता है. कई लोग तो पूरे दिन भर में 5-10 चाय तक पी जाते हैं. अगर आप भी इतनी चाय पीने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए. क्योंकि ज्यादा चाय पीने से कई तरह की स्वास्थ परेशानियां हो सकती हैं. खासतौर से गर्भवती महिलाओं को चाय पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इसमें कैफीन होता है.आइए जानते हैं इसके बारे में.

बढ़ सकती है दिल की धड़कन

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनकी दिल की धड़कन बढ़ सकती है. चाय में कैफीन मौजूद होता है, जो सीमित मात्रा में एनर्जी और मेडिटेशन करने में मदद करता है. लेकिन अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन अनिद्रा, बेचैनी और दिल की धड़कन बढ़ने का कारण बन सकता है.

पेट दर्द या एसिडिटी की समस्या

कभी भी खाली पेट चाय नहीं पीनी चाहिए. जो लोग खाली पेट चाय पीते हैं या बार-बार चाय पीने से पेट में एसिड बढ़ सकता है. जिससे पेट दर्द, एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है. कुछ मामलों में, यह अल्सर का कारण भी बन सकता है.

हो सकती है खून की कमी

जो लोग ज्यादा चाय पीते हैं उनमें खून की कमी हो सकती है. चाय में टैनिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को कम कर देता है. खासकर जो लोग पहले से एनीमिया यानी खून की कमी से जूझ रहे हैं, उनके लिए ज्यादा चाय पीना खतरनाक साबित हो सकता है.

चाय पीने का सही तरीका

विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में 2-3 कप चाय पीना उचित है. इसके अलावा, चाय पीने का समय भी मायने रखता है. खाली पेट चाय पीने से बचें और खाने के तुरंत बाद चाय न पिएं.

# बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए रजाई-कंबल को कैसे बनाएं नए जैसा? यहां जानिए निंजा टेक्निक, नहीं खर्च होंगे एक भी रुपये



कड़ाके की सर्दी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है. सुबह कोहरे की चादर में लिपट कर आ रही है. वहीं शाम के ठिठुरन बढ़ने लगी है. ऐसे में हर घर में रजाई-कंबल का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन इनको साफ करना बेहद मुश्किल भरा होता है. कई लोगों के मन में सवाल होता है कि बिना ड्राई क्लीन कराए या बिना धोए क्या रजाई-कंबल को साफ किया जा सकता है? आज हम यहां आपके लिए एक ऐसी निंजा टेक्निक लेकर आएं हैं जिससे आपको सर्दियों में बहुत हेल्प मिलने वाली है. यहां हम आपको कुछ ऐसी ट्रिक बताने वाले हैं जिससे आपके रजाई-कंबल बिना धोए ही चमकदार और साफ बने रहेंगे. हर किसी को ये ट्रिक जानने की जरूरत है.

रजाई और कंबल को बिना धोए या ड्राई क्लीन कराए कैसे रखें साफ?

1.सर्दियों में लगातार इस्तेमाल होने की वजह से रजाई गंदी हो जाती है या उसमें से महक आने लगती है. अगर आप भी इससे परेशान हैं और सर्दी में इसे धोना या ड्राई क्लीन कराना नहीं चाहते हैं तो आपको यहां बताई कुछ बातों का खास ख्याल रखना होगा. आइए जानते हैं इसके बारे में.

2.कभी भी रजाई को धोने गलती न करें. क्योंकि रजाई को धोने से इसकी ऊन खराब हो जाती है. इससे न केवल उसका रंग जा सकता है बल्कि ये पहले जितना गर्म भी नहीं करेगी.

3.अगर आप रजाई को धोएंगे तो वह दोबारा इस्तेमाल करने के लायक नहीं रह जाएगी. इसलिए हमेशा आप रजाई को पानी से धोने की बजाए धूप दिखाएं. अगर वो बहुत ज्यादा गंदी हो गई है तो आप उसकी धुनाई करवा सकते हैं. इससे रजाई बिल्कुल नए जैसा हो जाएगा. साथ ही कड़ाके की सर्दी में बहुत गर्म भी करेगा.

4.रजाई का इस्तेमाल करते समय अपनी पंसद का कोई अच्छा सा खोल इस्तेमाल करें. क्योंकि अगर ये फट जाता है या फिर गंदा हो जाता है तो उसे आसानी से बदला जा सकता है. ऐसा करने से आपकी ऊन को दोबारा रियूज कर पाएंगे. आपको नई रजाई दोबारा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी. आपके पैसे बचेंगे.

5.अगर आप चाहते हैं कि आपकी रजाई-कंबल की चमक बरकार रहे तो कोशिश करें की नियमित अंतराल पर इन्हें धूप दिखाई जाए. ऐसा करने से न केवल उसमें मौजूद कीटाणु और नमी हट जाएगी. बल्कि इसमें आने वाली बदबू भी हट जाएगी.

## शब्द सामर्थ्य -278

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 277 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना संजीवनीनगर चौकी धनवंतरीनगर में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को सम्मान पटैल उम्र 17 वर्ष निवासी भूकम्प कालोनी धनवंतरीनगर ने बताया कि वह कक्षा 11 वीं में क्षितिज माडल स्कूल में पढ़ता है कि रात लगभग 8-30 बजे अपने दोस्त सूर्यांश मिश्रा, दीपक अहिरवार, विनायक सेन, योगेन्द्र राजपूत, हर्षित ठाकुर, लकी गुप्ता, आर्यन यादव तथा अनुज विश्वकर्मा के साथ महावीर नगर में आग ताप रहा था, आर्यन यादव के पिता, सिद्धांत साहू के साथ जहां वह अपने साथियों के साथ आग ताप रहा था



# पश्चिम मध्य रेलवे में आयोजित फ्रेट कस्टमर मीटिंग




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में जबलपुर मंडल के प्रमुख फ्रेट लोडिंग करने वाले सम्माननीय ग्राहकों के साथ फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान समय में फ्रेंट इंडस्ट्री में होने वाले बदलावों में रेल की भूमिका और इससे रेल द्वारा किस प्रकार से अधिकतम लदान प्राप्त किया जा सकता है, से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मीटिंग प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री जी. एम. सिंह की अध्यक्षता एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुयी। मुख्य मालभाड़ा यातायात प्रबंधक श्री अनुराग पटेरिया द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया। मीटिंग में जबलपुर मंडल के विभिन्न मालगोदामों एवं साइडिगों से लदान करने वाले कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये जिसमें मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट से श्री के.पी. सिहं, कोयला लदान हेतु नवनिर्मित जीसीटी मेसर्स पॉसून इंडस्टी से श्री मनोज बाजपेयी एवं मेसर्स अडानी पॉवर से श्री राहुल पांडे तथा मेसर्स जेपीवीएन से श्री पीयूष शर्मा, आयरन ओर के प्रमुख लदानकर्ता श्री वरुण गौतम एवं श्री रूपेंद्र, फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के श्री ओ पी संग्राम, जुपिटर वैगन लिमिटेड से श्री अभिषेक जायसवाल एवं अन्य की उपस्थिति रही।

प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री जी एम सिंह द्वारा उपस्थित सभी सम्मनीय ग्राहकों का स्वागत करते हुये चर्चा आरंभ की और उन्होनें वर्तमान में रेलवे के मालभाडा में पिछले वर्ष की तुलना में कमी होने के कारण वित्त वर्ष के शेष महीनों में इस कमी को पूरा करने का अनुरोध किया। कोयला लदान करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वह कोयला लदान की क्षमता में वृद्धि कर रहे हैं, जिससे पश्चिम मध्य रेल को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। वर्तमान में पश्चिम मध्य रेल से लदान होने वाली वस्तुओं में कोयले की प्रमुख भूमिका है।

मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिनिधि श्री के पी सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा बाजार की मांग के अनुरूप विभिन्न प्लांटों में अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है जिसमें जबलपुर डिविजन के अंतर्गत मैहर प्लांट में भी अपग्रेडेशन कार्य प्रगति पर है तथा इसके पूर्ण होते ही लदान में और वृद्धि होगी तथा अनुरोध किया कि सीधी प्लांट से जल्द कनेक्टिविटी प्रदान की जाये जिससे प्लांट से रेलवे के माध्यम से लदान आरंभ किया जा सके। श्री सिंह द्वारा बताया गया कि सीमेंट इंडस्टी द्वारा सरकार की पर्यावंरण संरक्षण नीतियों के अनुरूप रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उचित मोडीफिकेशन किये जा रहे है। मेसर्स जुपिटर वैगन की ओर से उपस्थित प्रतिनिघि श्री अभिषेक जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया कि देवरी साइडिंग में कंटेनर निर्माण का नया कार्य प्रारंभ किया गया है इससे पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल को नया यातायात प्राप्त होगा जिसके लिये उनके द्वारा उचित सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। इस पर मुख्य माल भाडा यातायात प्रबंधक द्वारा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान में आयरन ओर यातायात में भारी कमी के कारणों के संबंध में उपस्थित आयरन ओर की लोडिंग करने वाले प्रमुख कंपनी प्रतिनिधि श्री रूपेंद्र, श्री विनोद चैधरी, श्री वरुण गौतम से चर्चा की। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विभिन्न स्टील प्लांटों में अपग्रेडेशन का कार्य चलने के कारण स्थानीय मांग में कमी है और चीन की तरफ से भी मांग में कमी होने के कारण एक्सपोर्ट यातायात भी कम हो रहा है जिसके कारण वर्तमान वर्ष में आयरन ओर का लदान गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा इसे आगामी माह में बढाने का अनुरोध किया गया जिस पर उन्होंने निकट भविष्य में लदान बढ़ाने का आश्वासन दिया। एफसीआई के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि सरकारी नीतियों के कारण इस वर्ष लदान में कमी है किंतु अगले 2 से 3 महीने में ज्यादा लदान होने की संभावना है ।

सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुयी इस मीटिंग में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह ने फ्रेट ग्राहकों को आश्वस्त किया कि लदान बढाने के प्रयासों में उन्हें सभी तरह से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी साथ ही उन्होंने मंडल के अधिकारीयों को भी निर्देशित किया कि जहॉ कहीं व्यावहारिक हो वहॉ आवश्यक स्टेकिंग की अनुमति प्रदान करें।

मीटिंग में मुख्य माल भाडा प्रबंधक श्री अजय प्रकाश द्वारा लोडिंग बढाने के प्रयासों के तहत आने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के संबंध में उपस्थित प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया जिसके प्रत्युत्तर में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा रेलवे द्वारा प्रदान किये गये सहयोंग की प्रसंशा की और आगामी समय में और अधिक लदान कर रेलवे के माल लदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में जबलपुर मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक श्री प्रिंस विक्रम विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री आनंद कुमार ने भी मंडल स्तर पर सभी को सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो फ्रेट कस्टमर कभी भी उनके पास आकर विचार विमर्श कर सकते हैं ।

उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री देवेश सोनी द्वारा यह बताया गया कि फ्रेट कस्टमर मीटिंग अत्यंत सार्थक रही इससे न केवल जबलपुर मंडल बल्कि पश्चिम मध्य रेल को अधिक यातायात प्राप्त करने में सफलता मिलेगी और रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए माल भाड़ा लदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होगी । फ्रेट ग्राहकों द्वारा भी समय-समय पर ऐसे वार्ता सत्र का आयोजन करने के लिए निवेदन किया गया ताकि एक ही मंच पर वह अपनी सभी समस्याएं रख सके और अपेक्षित सहायता प्राप्त कर सकें। उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक माल भाडा श्री संजय गुप्ता द्वारा सभी सम्मानित ग्राहकों का आभार व्यक्त किया गया।

**नियत अवधि के बाद सभी बहुमंजिला भवन स्वामियों, अस्पताल, होटल, संचालकों के साथ अपार्टमेंट संचालकों के विरूद्ध की जायेगी कठोर कार्रवाई - निगमायुक्त**

# शासन द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ लेने स्वामियों और बहुमंजिला भवन संचालकों के पास अब मात्र 3 दिन शेष - निगमायुक्त श्रीमती यादव

### मध्यप्रदेश शासन की ओर से भवन-प्रतिष्ठान एवं बहुमंजिला इमारत स्वामियों को तोहफा - निगमायुक्त प्रीति यादव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने के लिए अब मात्र 3 दिन शेष हैं। 3 दिवस के अंदर फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त न करने वाले सभी भवन स्वामियों, अस्पताल, होटल संचालाकों के साथ अपार्टमेंट संचालकों के विरूद्ध जनहित को ध्यान में रखते हुए कठोर कार्रवाई की जायेगी।

उक्त के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सभी होटल, अस्पताल, बहुमंजिला इमारतों, एवं अपार्टमेंट संचालकों को बड़ा उपहार प्रदान करते हुए प्रदेश में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के दंडात्मक प्रावधानों को दिनांक 31 दिसंबर

**31 दिसम्बर तक फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट के दंडात्मक प्रावधानों में दी गयी अस्थायी छूट - निगमायुक्त**



2024 तक अस्थायी रूप से शिथिल किया गया है। जिसके लिए अब मात्र 3 दिन शेष है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने आगे बताते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश शासन की ओर से शहर के सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को एक प्रकार का तोहफा है। इसका लाभ सभी प्रतिष्ठान स्वामी 31 दिसम्बर तक उठाऍं और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि इस अवधि के दौरान सभी भवन स्वामी, निर्माणकर्ता और संबंधित संस्थान यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें और नियमों का अनुपालन करें। यह छूट नागरिकों और संस्थाओं को पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से दी गई है, ताकि वे बिना किसी दंडात्मक कार्रवाई के फायर सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित कर सकें। इसके पश्चात भी अनुपालन न करने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है, कि विभागीय परिपत्र दिनांक 16 दिसम्बर 2022 की कण्डिका 5 की उप कण्डिका 5.2 के अनुसार कंडिका क्रमांक 5.1 में निर्धारित 02 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी, संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रूपये 500/- की दर से दण्ड भवन स्वामी पर लेव्ही किया जायेगा, जो कि एक वर्ष के पश्चात रूपये 1000/- प्रतिदिन की दर से देय होगी। राज्य शासन द्वारा उक्त कंडिका अनुसार दण्ड के अधिरोपण की गणना को दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक शिथिल किया गया है।

# श्री हनुमान सेवा समिती तथा महिला मण्डल के 25 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में श्री पुरुषोत्तम भगवान राम की अमृत कथा प्रवाह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी में लघुकाशी के नाम से प्रसिद्ध पचमठा मंदिर परिसर गढ़ा में स्थित श्री हनुमान मंदिर में दिनांक 2 जनवरी से 9 जनवरी तक, श्री हनुमान सेवा समिती तथा महिला मण्डल के 25 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष्य में श्री पुरूषोत्तम भगवान राम की अमृत कथा प्रवाह विद्वान व्यास पं. आशीष तिवारी जी (शहपुरा) के मुखवचनो से होगा। इस आयोजन को विराट और भव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियाँ की जा रही हैं, इसके अलावा रामकथा में विभिन्न संतो के दिव्य दर्शन व आशीषवचन प्रतिदिन भक्तों को प्राप्त होगें, साथ ही प्रतिदिन रामायण कीर्तन महिला मण्डल द्वारा किया जावेगा। रामकथा के प्रथम दिवस दिनाँक 2 जनवरी दोपहर 12 बजे से शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीहनुमानबाग मंदिर छोटी बजरिया से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसका समापन बी.टी. तिराहा, गुलौआ चौक, शुक्लानगर, एकता चौक से होते हुए पचमठा मंदिर परिसर में होगा। रामकथा में प्रतिदिन हवन रामायण पाठ व महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन होगा। श्री हनुमान सेवा समिती एवं महिला मण्डल अधिक से अधिक भक्तों से रामजी की पावन कथा श्रवण करने का अनुरोध करती है

### मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर -थाना गोरखपुर मे रात्रि शुभम चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी गली नम्बर 2, इंद्रानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पेंटिंग का काम करता है वह एवं उसका छोटा भाई सौरभ चौधरी दोनों अपने दोस्त की शादी की पार्टी में जानसन हिन्दी मीडियम स्कूल गये थे एंव सौरभ पंडाल के पीछे तरफ थे सौरभ मोबाइल से बात कर रहा था तभी जानसन हिन्दी मीडियम स्कूल के पास रहने वाला सौरभ आकर उसके छोटे भाई सौरभ चौधरी से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, छोटे भाई ने रूपये देने से मना किया तो सौरभ गाली गलौज करते हुये चाकू से हमलाकर छोटे भाई सौरभ चौधरी की दाहिने जांघ तथा सिर में चोट पहुँचा दी

## स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर आयोजन 29 को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक, दलित उद्धारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शुद्धि आंदोलन के प्रणेता, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का 98 वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम गीताधाम के निकट स्थित गुरुधाम गौरीघाट में रविवार 29 दिसंबर को प्रात: 9.30 बजे से आर्य समाज गोरखपुर जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यज्ञ के उपरांत भजन सत्संग के कार्यक्रम होंगे जिसमें मंडला गुरुकुल से पधार रहे आचार्य भीमदेव, आर्य समाज के भजनोपदेशक सतेंद्र शास्त्री और धर्माचार्य धीरेंद्र पांडे के प्रवचन होंगे। साथ ही मंडला गुरुकुल के ब्रम्हचारीगण भी विशेष प्रस्तुति देंगे। समापन पर दोपहर 12.30 बजे से लंगर भी आयोजित होगा। उपस्थित होकर स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का आग्रह अशोक पुंज, कुसुम जिंदल, आशुतोष चंदेल, सुनीता हांडा, वेद अमृत गारी, सुनीता मुखी आदि ने किया है।



# महावीर चिल्ड्रन एकेडमी सराफा द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महावीर चिल्ड्रन एकेडमी सराफा द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजेंद्र जैन जी द्वारा की गई कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन ,स्वागत गीत से की गई मुख्य अतिथि के रूप में श्री ऋषभ जैन जी जॉइंट कलेक्टर ,विशिष्ट अतिथि श्री डी के जैन जी एमपी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन प्रेसिडेंट ,श्री सुबोध जैन जी जीतो मेंबर डायरेक्टर रेडियंस कोचिंग, डॉअमित जैन जी अतिथि के रूप में श्री राजेंद्र जैन जी लखनऊ एंपोरियम श्री निर्मल चंद जी जैन श्री अतुल जैन दानी पार्षद जयप्रकाश वार्ड के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया वरिष्ठ समाज सेवी आदरणीय विमला दीदी को उर्ध्वमुखी चिंतक नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया उनके सम्मान में एक अभिन्नदन पत्र समर्पित किया जिसका वाचन डायरेक्टर श्रीमति मौली जैन ने किय्या। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अनुराग जैन गढ़ावाल (सचिव जैन पूत्री शाला)द्वारा एवं उद्बोधन मैनेजिंग डायरेक्टर (द्रष्ठु)श्री नितिन जैन ,एवं प्राचार्य सुनीता जैन द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका केसरवानी एवं स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया कार्यक्रम में जैन पुत्री शाला से उपाध्यक्ष अरविंद जैन, सह सचिव जलज जैन , श्रीमती रानी जैन , श्रीमती ,सुषमा जैन पूर्व पार्षद ,रमेश दाऊ , प्राचार्य श्रीमती वंदना जैन महावीर चिल्ड्रन्स एकेडमी से डायरेक्टर रमेश बड़कुल , आलोक सिंघई नवनीत जैन,सूधीर जैन दीना जैन श्रीमति मिश्री जैन , श्रीमति मौली जैन दर्शित सेठिया

एवं अंकुश जी एवं सभी टीचर्स ने अपनी अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम के समापन में आभार किय्या गया

# मानव अधिकार संगठन की पहल- साईबर क्राईम से बचने विधार्थियों को थाने में दी ट्रेनिंग





तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।. देश व समाज हित में सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने बढ़ते साइबर क्राईम को रोकने हेतु अभियान शुरू किया है. जिसके प्रथम चरण में सौ से ज्यादा छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग दी गयी. थाना केन्ट में इस मुहिम के दौरान संगठन अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी के साथ ही पुलिस अधिकारियों व एक्सपर्ट ने बच्चों को साईबर अपराध व फ्राड से बचने के उपाय बताए. इस मौके पर एड. भावना निगम, एड आशीष त्रिपाठी, मुहम्मद जुबेर खान, डॉ अभिषेक जैन, एड. साक्षी भारद्वाज, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ प्रशांत जैन, एड. विनीत कुमार, एड. तोशीब, कमरूल इस्लाम खान, रोशन मंध्यानी, डॉ आशीष डेंगरा, डॉ. दिगंत पाठक, एड आशुतोष चतुर्वेदी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही.

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने किरनापुर, जबलपुर में नए आउटलेट के साथ मध्य प्रदेश में विस्तार किया

किरनापुर, जबलपुर, मध्य प्रदेश में एक नया बैंकिंग आउटलेट लॉन्च किया, जिससे मध्य प्रदेश राज्य में कुल 49 बैंकिंग आउटलेट और पूरे देश में 1019 आउटलेट हो गए।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) मॉडल के माध्यम से कम आय वाले व्यक्तियों को माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाओं सहित अपनी बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करेगा, जिनकी इस क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो वित्तीय बचत, व्यवसाय विकास और निवेश में निवासियों और उद्यमियों का समर्थन करते हैं। जबलपुर- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने किरनापुर, जबलपुर, मध्य प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने मध्य प्रदेश में 49 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1019 आउटलेट खोल दिए हैं। किरनापुर, जबलपुर के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित



बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ होगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, किरनापुर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन मध्य प्रदेश में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर मे रात्रि शुभम चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी गली नम्बर 2, इंद्रानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पेंटिंग का काम करता है वह एवं उसका छोटा भाई सौरभ चौधरी दोनों अपने दोस्त की शादी की पार्टी में जानसन हिन्दी मीडियम स्कूल गये थे रात लगभग 11-45 बजे वह एंव सौरभ पंडाल के पीछे तरफथे सौरभ मोबाइल से बात कर रहा था तभी जानसन हिन्दी मीडियम स्कूल के पास रहने वाला सौरभ आकर उसके छोटे भाई सौरभ चौधरी से शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, छोटे भाई ने रूपये देने से मना किया

# जबलपुर में भारी बारिश, तर-बतर हुआ शहर







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। आज अचानक मौसम ने करवट बदल ली. जबलपुर में तड़के झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया. इसके बाद दोपहर के वक्त रुक-रुक कर बारिश होती रही. इसी तरह भोपाल व खंडवा में बारिश के साथ ओले गिरे. हालांकि दोपहर के वक्त धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली. इसके अलावा प्रदेश के 42 जिलों में बारिश हुई है. रतलाम, मंदसौर, बैतूल, अलीराजपुर सहित कई जिलों में ओले गिरे है.

बताया गया है कि मौसम विभाग द्वारा पहला मावठा होने पर बारिश की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी. जबलपुर में मौसम को देखते ही जिला प्रशासन ने तीन दिन तक धान का उपार्जन न करने का निर्णय ले लिया था. बीती रात को ही किसानों के साथ मिलकर खुले में रखी धान को तिरपाल से ढकने का काम किया. वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण रायसेन के दशहरा मैदान में ट्रैक्टर ट्रॉलियों में धान लेकर आए किसान परेशान रहे. रात भर किसान तिरपाल पकड़कर बैठे रहे, ताकि धान को खराब होने से बचा सकें. वहीं रीवा के करहिया व जबलपुर में भी सैकड़ों बोरी धान.गेहूं बारिश में भीग गया है.

मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का दौर खत्म होने के बाद

## जबलपुर में ओले गिरे, ठंड के बीच बारिश का दौर जारी



31 दिसम्बर से तेज ठंड शुरु होगी, ठंड का यह दौर 15 जनवरी तक चलेगा, इसके बाद भी ठंड का असर रहेगा. लेकिन एक पखवाड़ा तक जोरदार ठंड होने के आसार है.

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते शनिवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से छाए बादल झमाझम बरसने लगे। सुबह करीब पांच बजे से ही रिमझिम फुहारों ने दस्तक दे दी थी। करीब एक घंटे बाद 6 बजे से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के चलते गलियों में पानी भर गया। बादलों के चलते पारा सामान्य से पांच डिग्री ऊपर चला गया था। मौसम विभाग की मानें, तो दो-तीन दिन तक जबलपुर सहित सम्भाग के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाएंगे और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। शनिवार को जबलपुर में पूरे दिन बारिश, तेज हवा चलने व बिजलीं गिरने की आशंका भी है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रति घंटा तक दर्ज की जा रही है। बारिश के अलावा सम्भाग के कई जिलों में ओले भी गिर सकते हैं।

बादलों की वजह से शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान फिर बढ़ा। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री था। यह शुक्रवार को 14.3 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य सम्चार4 डिग्री अधिक था। दिन में भी अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई। यह 29.1 डिग्री से बढकर 29.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह भी सामान्य से 5 डिग्री अधिक था।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम, पंजाब एवं उसके आसपास भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना है। एक प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय है। बंगाल की खाड़ी में मौजूद अति कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पडने के बाद हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना है। इन सभी मौसम प्रणालियों के असर से शुक्रवार से बादल और बिजली चमकने की स्थिति बनी हुई है।

## दिल्ली में पकड़ा गया जबलपुर का कुख्यात बदमाश, गैंग बनाकर करता था वारदात



जबलपुर.(नगर प्रतिनिधि) जबलपुर स्थित खमरिया में शराब दुकान संचालक पर फायरिंग कराने वाले कुख्यात बदमाश रुपेन्द्र को पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. रुपेन्द्र गैंग बनाकर पिछले लम्बे समय से अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा था.

बताया गया है कि खमरिया में शराब दुकान के संचालक ने क्षेत्र में अवैध रुप से बिक रही शराब व कारोबारी के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस में की गई शिकायत से शराब तस्कर का भाई आगबबूला हो गया. यहां तक कि उसने अपने गुर्गो की मदद से दुकान पर फायरिंग करा दी. घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने जांच की तो पता चला कि पनागर क्षेत्र का कुख्यात बदमाश रुपेन्द्र के गुर्गे आकाश बग्गा ने फायरिंग की है. इसके बाद से ही पुलिस ने रुपेन्द्र साहू व आकाश बग्गा की तलाश में पुलिस ने छापेमारी शुरु कर दी. इस बीच पुलिस को पता चला कि रुपेन्द्र सिहोरा में एक परिचित के खेत में छिपा है.

पुलिस की टीम ने दबिश दी लेकिन वह पहले ही भाग चुका था. इसके बाद से पुलिस द्वारा आरोपी युवक को पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी. फिर खबर मिली कि रुपेन्द्र दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र की एक होटल में रहकर फरारी काट रहा है. खबर मिलते ही पुलिस की चार सदस्यीय टीम ने दिल्ली पहुंचकर होटल में दबिश देकर रुपेन्द्र को पकड़ लिया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रुपेन्द्र का शूटर आकाश बग्गा अभी भी फरार है. पुलिस ने रुपेन्द्र को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरु कर दी है ताकि जल्द से जल्द आकाश बग्गा को भी पकड़ा जा सके.

**25 से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज है-**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रुपेन्द्र साहू के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, अवैध हथियार रखने सहित 25 से ज्यादा मामले दर्ज है. उसने 20 से 25 साल उम्र के लड़कों की एक गैंग बनाई. इन युवकों को रुपयों व दबदबा कायम रखने का लालच देकर वारदात कराता रहा. खबर है कि दो माह पहले रुपेन्द्र ने एक दूध बेचने वाले युवक पर चाकू से हमला किया था.

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपी गिरफ्तार, 300 पाव देशी शराब एवं एक्सिस जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना प्रभारी भेड़ाघाट श्रीमति पूर्वा चौरसिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की स्कूटी मे एक लड़का जबलपुर तरफ से शहपुरा की ओर शराब लेकर बेचने के लिये जा रहा है सूचना पर ग्राम सहजपुर पुल हाईवे पर घेराबंदी की कुछ समय बाद एक लड़का सफेद स्कूटी जिसमें प्लास्टिक की बोरी रखीं थीं आता दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम मिथुन उर्फ सन्नी चक्रवर्ती उम्र 18 वर्ष निवासी त्रिपुरी चौक थाना गढ़ा बताया, जो अपनी बिना नम्बर की सफेद एक्सिस में 2 बोरी रखे था दोनों बोरियों की तलाशी लेने पर दोनों बोरियों में 250 पाव देशी शराब तथा डिक्की की तलाशी लेने पर 50 पाव देशी शराब रखे मिले। आरोपी मिथुन उर्फ सन्नी चक्रवर्ती के कब्जे से 300 पाव देशी शराब कीमती लगभग 28 हजार रूपये की मय एक्सिस के जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- अवैध शराब जप्त करने में सहायक उप निरीक्षक संदीप पटैल, आरक्षक रितिक तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

**अकाल मृत्यु**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना अधारताल में रात्रि मेर सिंह लोड़िया उम्र 70 वर्ष निवासी मेत्रीनगर महाराजपुर ने सूचना दी कि वह सिचाई विभाग से रिटायर्ड है उसके 2 बेटे एवं 3 बेटियां हैं दीप्ति लोडिया उम्र 29 वर्ष सबसे छोटी बेटी है जिसकी शादी नहीं हुयी है सुवह लगभग 10 बजे तेरहवीं में परिवार सहित हनुमानताल भानतलैया गया था। बेटी दीप्ति शाम लगभग 4 बजे घर जाने की कहकर घर आ गयी थी शाम लगभग 5 बजे उसने फोन लगाया

## जीएसटी ने फर्म से बड़ी मात्रा में दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की

## सेंचुरी डेवलपर्स पर जीएसटी का छापा, लाखों की गड़बड़ी उजागर

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। उखरी रोड बल्देवबाग स्थित मेसर्स सेंचुरी डेवलपर्स और नक्षत्र नगर करमेता में सीजीएसटी की एंटी इवेजन शाखा ने छापेमार कार्रवाई करते हुए बड़ी गड़बड़ी उजागर की है। इस फर्म द्वारा प्लॉट डेवलप किए जाते थे जिसके लिए लोगों से लाखों करोड़ों रुपए वसूले गए, लेकिन उसकी एवज में जीएसटी नहीं चुकाया गया। जाँच की कार्रवाई के बाद करीब ढाई करोड़ रुपए वसूलने की तैयारी की जा रही है ।जीएसटी ने फर्म से बड़ी मात्रा में दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएसटी नियमों के उल्लंघन के संकेत मिलने पर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जीएसटी एंटी इवेजन शाखा ने बल्देवबाग स्थित मेसर्स सेंचुरी डेवलपर्स के परिसर में 26 दिसम्बर को जीएसटी की बड़ी कार्रवाई की। इस फर्म के संचालक व प्रोपराइटर संदेश जैन हैं। प्रारंभिक जाँच में पाया गया है कि मेसर्स सेंचुरी डेवलपर्स विभिन्न भू-स्वामियों को भूमि विकास सेवाएँ प्रदान कर रहा था। इन सेवाओं में भूमि को प्लॉट के रूप में बिक्री के लिए उपयुक्त बनाना शामिल है। इन सेवाओं को वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट सेवाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिन पर जीएसटी लागू होता है। जाँच के दौरान यह पाया गया कि संदेश जैन के मेसर्स सेंचुरी डेवलपर्स ने भूमि के रूप में प्राप्त राशि पर कोई भी जीएसटी का भुगतान नहीं किया। इसके अतिरिक्त उक्त फर्म द्वारा फाइल की गई रिटर्न में भी 10 लाख रुपए के जीएसटी की गड़बडी पाई गई। अधिकारियों का कहना हैं क प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 2.5 करोड़ का जीएसटी डेवलपर से वसूली योग्य है। ग्राहक बनकर जानकारी जुटाते हैं- बताया जाता हैं क पहले ग्राहक बनकर जीएसटी अधिकारी कई मर्तबा फर्म का निरीक्षण करते हैं और धीरे-धीरे जानकारी जुटाते हैं, उसके बाद जब पूरी जानकारी एकत्र हो जाती है तब कार्रवाई की जाती है। इसी प्रकार की कार्रवाई मेसर्स सेंचुरी डेवलपर्स में भी की गई। जब यह पुख्ता हो गया कि फर्म द्वारा प्लॉट विकसित कर बेचे जाते हैं और लोगों को जमीन विकसित करके दी जाती है तब कार्रवाई की गई। मोबाइल और लैपटॉप सेंं मिली जानकारी- बताया जाता हैं क फर्म में जब छापेमार कार्रवाई की गई, तब वहाँ से मोबाइल और लैपटॉप आदि बरामदं कए गए। इनमें कुछ अहम जानकारी मिली है। इन जानकारियों के आधार पर ही यह तय किया गया हैं क करीब ढाई करोड़ रुपए की राशि वसूली योग्य है।

## चिलम में गांजा भरकर पीते हुये आरोपी पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना गोरखपुर में मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दुर्गा नगर मोड़ के पास गांजा पी रहा है, सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां दुर्गा नगर मोड़ रामपुर में एक व्यक्ति चिलम में गांजा पीता नजर आया जिसने पूछताछ पर अपना नाम दीपक बेन उम्र 40 वर्ष निवासी बेन मोहल्ला रामपुर थाना गोरखपुर बताया जिसके कब्जे से एक अधजली चिलम जिसमें राख भरी हुयी, एक माचिस की डिब्बी, कपड़े का एक छोटा टुकड़ा जप्त करते हुये आरोपी दीपक बेन के विरूद्ध धारा 8/27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## अमेजॉन पार्सल आफिस मे चोरी करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना लार्डगंज में विपिन रजक उम्र 29 वर्ष निवासी टेलीग्राफगेट नम्बर 4 मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आशीष वेयर हाउस में काम करता है जिसके द्वारा अमेजॉन के पार्सल डिलेवर किये जाते हैं, वह कम्पनी में सुपर वाईजर के पद पर कार्यरत है दिनांक 26-12-24 की सुवह बजे उसके सहकर्मी राजुल दीक्षित ने ऑफिस खोला तो पाया कि केमरे और मॉनीटर की वायर कटी है, वह वहां पर लगभग 5 मिनिट बाद पहुँचा देखा आलमारी टूटी है खिड़की की जाली कटी है उसने रोहित कुशवाहा, कलस्टर मैनेजर अमन सोनी और ऑफिस मालिक आशीष सोनी को फोन से घटना के बारे में बताया, घटना की जानकारी थाना में देकर पुलिस के साथ आफिस आया जहां पर दिनाक 23-12-24 से लेकर 25-12-24 तक का पूरा कैश जो काउंट कर आफिस की आलमारी में रखा गया था मात्र एक ही आलमारी जिसमे कैश रखा जाता है चोर द्वार उसी आलमारी को तोडा गया है, ऑफिस में तीन डीव्हीआर लगे थे जिसमें से एक डीव्हीआर चोर अपने साथ ले गये हैं

## बारिश से कटनी और उमरिया में खरीदी केंद्रों पर भीग गई धान, किसान परेशान

### महाकोशल-विंध्य में जारी है बारिश का दौर-आज भी कई इलाकों में तेज बारिश के आसार-धान को बारिश से बचाने में जुटे हुए हैं किसान

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। कटनी, उमरिया। मध्य प्रदेश के महाकोशल और विंध्य क्षेत्र के कई इलाकों में आज बारिश की संभावना जताई गई हैं। इधर कुछ इलाकों में हो रही बारिश से किसान परेशान हैं। कटनी और उमरिया में खरीदी केंद्रों पर बारिश के पानी से धान भीग गई है। यहां इसकी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। बारिश से धान भीगने के बाद किसान परेशान हैं।

कटनी जिले में शुक्रवार से मौसम बिगड़ा हुआ था। बादलों ने डेरा डाल रखा था और रात से हवाओं के बीच बूंदाबांदी हुई। सुबह से ही जिले में बारिश का दौर जारी है। दो घंटे से जारी बारिश में समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों में किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सुरक्षा के इंतजाम न होने से केंद्रों में धान गीली हो रही है। जिन किसानों की धान केंद्रों में खुले में रखी है, वे सुबह से ही अपना अनाज बचाने की जुगत में लगे हैं। वहीं धान का उठाव न होने से कई केंद्रों में ढेर लगा है और सरकारी धान को बचाने भी पर्याप्त तिरपाल की व्यवस्था केंद्रों में नही है।

बहोरीबंद क्षेत्र के कूड़न खरीदी केंद्र में पानी भर गया। किसान परेशान यहां पर तिरपाल से धान के एक दो ढेर ही बचा पाए। यही स्थिति जिले के अन्य केंद्रों की भी है। वहीं बादलों के कारण तीन दिन से तापमान बढ़ गया था, बारिश होते ही ठंड भी बढ़ गई है।

**नान एफएक्यू धान को अच्छी बताने भिगोनी की तैयारी**






इधर जबलपुर जिले के डेढ़ सौ से ज्यादा वेयरहाउस और उपार्जन केंद्रों में इस समय बड़ी मात्रा में धान के ढेर और बोरे खुले में रखे हैं। इधर वर्षा की संभावना से इसके नुकसान की भी आशंका बढ़ गई है। इस बीच कई ऐसी सोसायटी और वेयरहाउस के प्रभारी हैं, जो खुले में पड़ी धान को बारिश में गीला करना चाह रहे हैं, ताकि गुणवत्ताहीन धान को गुणवत्ता वाली धान की श्रेणी में ला सकें। इसे देखते हुए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा है कि ऐसे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

बारिश को देखते हुए जारी किए निर्देश

मौसम विभाग ने जबलपुर जिले में शनिवार को वर्षा का अनुमान जताया है। इसे देखते हुए किसानों से कहा गया है कि वे इन दो दिनों के दौरान उपार्जन केंद्र में धान न लाएं। जिन किसानों का धान उपार्जन केंद्र पर रिजेक्शन होने, अपग्रेड करने या फिर तुलाई नहीं होने से पड़ा है, उसकी सुरक्षा करने के उपाए करें। सभी उपार्जन केंद्र प्रभारियों से कहा है कि वे खुले में रखे हुए धान को गोदाम के अंदर शिफ्ट करने अथवा बारिश से सुरक्षा करें।

इसके साथ ही कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि लापरवाही के कारण धान भीगने अथवा ख़राब होने की घटना होती है तो यह माना जाएगा कि जानबूझकर कर नान एफएक्यू धान को खपाने के लिए यह लापरवाही की गई है। ऐसे में व्यक्तिगत जम्मिेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

20 हजार किसान से खरीदी एक लाख 80 हजार टन धान

दो दिसंबर से शुरू हुई खरीदी 20 जनवरी तक चलेगी। अब खरीदी के लिए महज 22 से 23 दिन ही शेष रह गए हैं, लेकिन अभी भी पंजीयन कराने वाले किसानों में से आधे की भी धान नहीं खरीदी गई है। जिले में करीब 56 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया, जिसमें से सिर्फ 20 हजार किसान ने ही शासन को धान बेचा है।

करीब एक लाख 79 हजार 535 टन धान खरीदी है। अधिकांश धान अभी भी खुले में पड़ा है, जिससे किसान और प्रशासन, दोनों की चिंता बढ़ गई है। मिलर्स द्वारा अभी भी रफ्तार से खरीदी केंद्रों से धान नहीं उठाई जा रही है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999